सुविचार

कर्म वो आईना है, जो हमारा स्वरूप हमें दिखा देता है। अत: हमें कर्म का एहसानमंद होना चाहिए: विनोबा भावे

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

Mother's Basket
Kitchen Herbs & Spices
Swad jo pahuche dil tak



## क्या है व्यापार या व्यवसाय करने का स्वतंत्रता का अधिकार मौलिक अधिकार जानिए/Fundamental of Right.....

लोकतांत्रिक शासन में प्रत्येक व्यक्ति रोजगार की अपेक्षा करता है एवं वह ऐसी सरकार को ही श्रेष्ठ, आदर्श सरकारी मानता है जो अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराती है। रोजगार के अभाव में बेरोजगार युवक जीवन से न केवल हतोत्साहित हो जाता है अपितु वह विकृतियों(मानसिक



तनाव, या रोग) का भी शिकार हो जाता है इसलिए भारतीय संविधान में भारत के प्रत्येक नागरिकों को स्वंय की मर्जी से व्यवसाय, व्यापार, आजीविका या कारोबार चलाने का अधिकार प्राप्त है जानिए।

**भारतीय संविधान अधिनियम,1950 के अनुच्छेद 19(1)(छ) की परिभाषा?**

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(छ) सभी नागरिकों को व्यवसाय(वृत्ति),उपजीविका, व्यापार एवं कारोबार शुरू करने के लिए स्वतंत्रता प्रदान करता है वह किसी भी समय अपना व्यवसाय स्थापित कर सकते हैं एवं उसे सामान्य स्थिति में बंद भी अपनी मर्जी से कर सकते हैं यहाँ सामान्य स्थिति का अर्थ है जिससे किसी आम जनता को क्षति न हो तब।

**व्यापार एवं व्यवसाय की स्वतंत्रता पर कब रोक लगाई जा सकती है जानिए-?**

कोई ऐसा व्यवसाय या कारोबार जिससे जनता के हितों के लिए सही नहीं है।


कोई ऐसा व्यवसाय या व्यापार जिसमे अयोग्यता या आवश्यक व्यवसाय संबंधित सूचना देकर प्रारम्भ किया गया हो। नागरिकों द्वारा किसी व्यापार या कारोबार का बहिष्कार किया गया हो। अर्थात भारतीय नागरिकों को अपनी मर्जी से व्यापार , व्यवसाय ,कारोबार करने की स्वतंत्रता तो प्राप्त है लेकिन उपर्युक्त शर्तों के अनुसार ही प्राप्त है।

**?? लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

## लियर-चंबल, बुंदेलखंड में 22 से 3 दिन तक बारिश

# भोपाल में बादल छाएंगे; इंदौर में सामान्य रहेगा मौसम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले दो दिन रात में तेज ठंड रहेगी। ग्वालियर-चंबल, भोपाल-इंदौर समेत सभी शहरों में ठंड कंपकंपाएगी। इसके बाद मौसम में बदलाव होगा। ग्वालियर-चंबल और बुंदेलखंड के 15 जिलों में 22 जनवरी से 3 दिन तक हल्की बारिश होगी। भोपाल में भी बादल छाए रहेंगे, लेकिन बरसेंगे नहीं। इंदौर में मौसम साफ रहेगा। यहां बारिश होने के चांस नहीं है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि ईरान के ऊपर पश्चिमी विक्षोप सक्रिय हो गया है। इस कारण ग्वालियर, चंबल और बुंदेलखंड में 21 जनवरी से बादल छाने लगेंगे, जबकि 22 से 23 जनवरी के बीच हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। राजधानी भोपाल में भी मौसम का असर देखने को मिलेगा। यहां बादल छा सकते हैं। हालांकि, बारिश होने की संभावना नहीं है। इंदौर में मौसम साफ रहेगा। यहां ठंड रहेगी, लेकिन कम। 25 जनवरी के बाद वापस कोहरा छाना शुरू हो जाएगा।



### इन जिलों में हल्की बारिश होने के आसार

ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, श्योपुर, मुरैना, भिंड समेत बुंदेलखंड के दतिया, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, निवाड़ी और पन्ना में हल्की बारिश होने के आसार है। 22 से 24 जनवरी तक मौसम ऐसा ही रहेगा।

**आज ऐसा रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को भी मौसम बदला सा रहेगा। ग्वालियर, उमरिया, छतरपुर और दतिया में शीतलहर चलेगी। 14 से 16 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से सर्द हवाएं चलेंगी। अधिकांश शहरों में रात का पारा 10 डिग्री के नीचे ही रहेगा तो दिन का तापमान 22 से 28 डिग्री के बीच रह सकता है। फिलहाल नौगांव, खजुराहो, ग्वालियर सबसे ठंड है।

### 26 जनवरी से फिर कड़ाके की ठंड

बादल छंटने के बाद कड़ाके की ठंड का दौर फिर शुरू होगा, जो जनवरी के आखिरी सप्ताह तक जारी रहेगा। 26 जनवरी से तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। पश्चिमी मध्यप्रदेश की तुलना में पूर्वी मध्यप्रदेश में इतनी ठंड नहीं रहेगी।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोज मंथन संस्था के प्रतिनिधियों के साथ पौध-रोपण किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में भोज मंथन संस्था के प्रतिनिधियों के साथ बरगद, अमरूद और खिरनी के पौधे लगाए। सामाजिक सुधार के क्षेत्र में सक्रिय संस्था के सर्वश्री लीलाधर यादव, हेमराज यादव तथा सुश्री रिंकी और रीता यादव पौध-रोपण में सम्मिलित हुईं। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ साधना न्यूज चेनल के एसोसिएट एडीटर श्री गिरीश भटेले ने अपनी पुत्री कनिष्का का जन्म-दिवस पौध-रोपण कर मनाया। उनकी पत्नी श्रीमती आरती भटेले, भाई श्री मनीष भटेले तथा उनके भतीजे हृदांक ने भी पौधे लगाए।



## मुख्यमंत्री चौहान 22 जनवरी को सिंगरौली को देंगे मेडिकल कॉलेज भवन की सौगात

**भोपाल।** सिंगरौली जिला ताप विद्युत केन्द्रों और कोयला खनन परियोजनाओं के कारण प्रदेश का सर्वाधिक राजस्व देने वाला जिला है। सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज की मांग लंबे समय से की जा रही थी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंगरौली में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की थी।



घोषणा के मुताबिक मुख्यमंत्री श्री चौहान 22 जनवरी को सिंगरौली में शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन का शिलान्यास करेंगे। मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण ग्राम नौगढ़ में किया जा रहा है। इसके लिए 25 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। भवन परिसर निर्माण के लिए 248 करोड़ 27 लाख रूपए मंजूर किए गए हैं। निर्माण मेसर्स डीवी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, जो 19 दिसम्बर 2024 तक पूरा होगा। मेडिकल कॉलेज बन जाने से यहाँ उपचार की व्यवस्थाएँ बेहतर होंगी। सिंगरौली ही नहीं पूरे विन्ध्य क्षेत्र के विद्यार्थियों के डॉक्टर बनने का सपना भी पूरा होगा। जनजातीय बहुल अंचल के विद्यार्थी अपने घर के समीप रह कर मेडिकल की पढ़ाई कर सकेंगे। मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों को शिक्षा देने के लिए वरिष्ठ डॉक्टरों तथा अनुभवी प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी। उनके मेडिकल ज्ञान और दक्षता का लाभ सिंगरौली जिले को मिलेगा।

### मुख्यमंत्री ने की बड़ी शासकीय परियोजनाओं की समीक्षा

## व्यवहारिक रूप से तय की जाए बड़ी परियोजनाओं की समय-सीमा - मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि निर्माण विभाग अपने कार्यों की समय-सीमा, विभिन्न विभागों से मिलने वाली अनुमतियों, भू-अर्जन में लगने वाले समय तथा अन्य तकनीकी कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए व्यवहारिक रूप से निर्धारित करें। साथ ही अंतर विभागीय समस्याओं के समाधान के



लिए विभागों द्वारा स्वयं पहल की जाए। निर्माण कार्यों में गतिरोध से राज्य की प्रगति प्रभावित होती है। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रोजेक्ट मैनेजमेंट फ्रेमवर्क के अंतर्गत परियोजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। समत्व भवन में आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन श्री एस.एन. मिश्रा, प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री नीरज मंडलोई तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सागर जिले की बंडा तहसील में बेवस नदी पर पगरा बांध तथा पंचम नगर बैराज, धार जिले में राजौंदा मल्टी विलेज वॉटर सप्लाई स्कीम में 79 गांवों के लिए जलापूर्ति योजना, मध्यप्रदेश अर्बन डव्लेपमेंट कंपनी लिमिटेड अंतर्गत बैतूल जिले की आमला, बैतूल बाजार और सारणी जल प्रदाय योजना तथा भिंड जिले की आलमपुर, दबोह, मिहोना, फुफकलां जल प्रदाय योजना तथा भोपाल के डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर मार्ग (कोलार रोड) के उन्नयन तथा पुनर्निर्माण के लिए जारी गतिविधियों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं का त्वरित निदान कर, निर्माण कार्यों को गति देते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## घट रहे रोजगार क्यों



घट रहे हैं
रोजगार क्यों ?
बढ रहे हैं
भ्रष्टाचार क्यों ?
भूल जाते,
जनप्रतिनिधि
जनता का महा मतदान-
आभार क्यों ?

भारत में
जनता का,
जनता के लिए,
जनता के द्वारा,
होती है सरकार...
इस परिपाटी का गुम होता
जा रहा ऐतबार क्यों?

धोती खोलकर,पगड़ी बना,
पहनाने का हो रहा व्यवहार
क्यों ?
जनता के पास
गरीबी, लाचारी बदनसीबी,
बेकारी है,
और......
नेताओं के पास,
आलीशान बंगले ,कोठी
ऐशो-आराम,
बड़ी-बड़ी कारों का जखीरा
है तैयार क्यों ?
घट रहे हैं
रोजगार क्यों ?
बढ रहे हैं
भ्रष्टाचार क्यों?
सुनिये नेता जी,
किया गया वादा निभाना
होगा,
बढ़ती जनसंख्या के
आधार पर
रोजगार भी बढ़ाना होगा,
क्या नेता बनना भी
बेरोज़गारी खत्म करने
और
रोजगार पाने का तरीका हो
गया है.....?

शर्म नहीं आती,
नेता बनते ही
बेरोज़गारो को नजरंदाज
करना
तुम्हारा सलीका हो गया
है...?
देश के शिक्षित युवा
आज हैं निराधार क्यों?
घट रहे हैं
रोजगार क्यों ?
बढ रहे हैं
भ्रष्टाचार क्यों ?
कैसे करें हम
सरकार का आभार ??
जनता के वोटों
के दम पर
बनती है सरकार ?
मगर धन कुबेरों पर
मेहरबान होती रहती है
सरकार क्यों ?
धन का
लग रहा वहीं अम्बार क्यों ?
कैसे करें हम सरकार का
आभार !!
मिलता है हमको धोखा बार-
बार !!

जनता ही हर समय
होती है लाचार क्यों ?
घट रहे हैं
रोजगार क्यों ?
बढ रहे हैं
भ्रष्टाचार क्यों ?

**-हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

## क्या लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली लडक़ी अपने बॉयफ्रेंड पर भरण पोषण का केस कर सकती है जानिए/legal General Knowledge.....

वर्तमान समय में बात करे तो लड़का लड़की में कोई भेद नहीं देखा जा रहा है दोनो साथ साथ रहते हैं और कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। लेकिन बहुत सी लड़कियां जो ऐसे फर्जी लड़को के सम्पर्क में आ जाती है और सहमति द्वारा शारीरिक संबंध बना लेते हैं और लड़के इन लड़कियों से रिश्ता तोड़ लेते हैं या ब्रेकअप कर लेते हैं ऐसे में बहुत सी लड़कियां जानकारी के अभाव में मौत को अपने गले लगा लेती है लेकिन हमने अपने पिछले लेख में बताया था कि लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली लड़कियां भारतीय दण्ड संहिता,1860 की धारा 498-क के अंतर्गत अपने बॉयफ्रेंड की क्रूरता के खिलाफ मामला दर्ज करवा सकती है और दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 125 के अंतर्गत भरण पोषण का दावा भी कर सकती है जानिए महत्वपूर्ण जजमेंट।



**1. डी. बेलुसामी बनाम डी पतचाइअम्म्ल(2010)-**

उक्त मामले में न्यायालय अभिनिर्धारित किया गया कि एक महिला जो विवाह जैसे रिश्ते में हैं लेकिन कानूनी रूप से विवाहित नहीं है वह भरण पोषण का दावा कर सकती है।

आगे न्यायालय ने कहा कि सभी लिव इन रिलेशनशिप विवाह के संबंधों की प्रकृति के अनुरूप नहीं होंगे,विवाह की प्रकृति सम्बधों को पूरा करने के लिए निम्न शर्ते होना चाहिए-

वह निश्चित समय के लिए साथ रहे हो।

उनकी शादी की उम्र पूरी हो गई हो।

दोनो पति पत्नी के रूप में समाज में रहे हो या सहमति द्वारा शारिरिक संबंध स्थापित भी किये हो।।

उन्होंने विधिक विवाह की शर्तों को पूरा कर लिया हो।

**2. चनमुनिया बनाम विरेंद्र कुमार कुशवाह और अन्य-** मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक विचारण प्रश्न था कि क्या एक पुरूष ओर महिला काफी समय से एक साथ रह रहे हैं जबकि उनका विवाह नहीं हुआ है तब क्या ऐसी महिला भरण पोषण का दावा कर सकती हैं? न्यायालय ने यह मत दिया कि पुरूष और महिला के साथ साथ रहने की स्थिति में सन् 2005 के अधिनियम पारिवारिक हिंसा के अंतर्गत उन्हें मौद्रिक अनुतोष और प्रतिकर दिया जा सकता है और वह दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 125 के अंतर्गत की कार्यवाही में भी भरण पोषण ले सकती है और यह उनका सांविधिक अधिकार है।

कुल मिलाकर अगर कहे तो लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली कोई भी लड़की अपने बॉयफ्रेंड के खिलाफ भरण पोषण का केस लगा सकती है।

**- कानूनी जानकारी लेखिका श्रीमती ज्योति सिंह चौहान(अलीगढ़, उत्तर प्रदेश) 7999293638**

# सेवा निवृत्त शिक्षक राजभान मिश्र का विदाई कार्यक्रम सम्पन्न





**अनूपपुर - कैलाश कुमार**

अमलाई। पूरा जीवन शिक्षक के रुप में बच्चों में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले शिक्षक श्री राजभान मिश्र जी की सेवा निवृति पर उन्हें स्टाफ व माध्यमिक विद्यालय अमलाई परिवार ने भावभीनी विदाई दी । श्री राजभान मिश्र जैतहरी विकासखण्ड के माध्यमिक विद्यालय अमलाई में पदस्थ थे। श्री मिश्रा जी 41 वर्ष 11 माह 29 दिन की सेवा सम्पूर्ण कर अपने क्षेत्र के तीन पीढ़ियों को अपने ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित किये। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ । दर्जा आठ के छात्रों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत का सुंदर गायन किया गया ,कार्यकर्म में पूर्व सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान किया गया ,कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ जैतहरी श्री आर बी प्रसाद जी के द्वारा की गई । सहज स्वभाव के शिक्षक राजभान मिश्र की सेवा निवृती पर आये अतिथियों द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षक ही जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है, जिससे बच्चे अपने जीवन और करियर को सही दिशा में अग्रसर करते हैं,शिक्षक की नौकरी में बच्चों के साथ अधिकतर समय रहने का मौका मिलता है। शिक्षक बच्चों को बेहतर शिक्षा दें, इस बात पर उनका ध्यान रहता है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे जहां भी रहें सुख और समृद्ध रहें , श्री मिश्रा जी स्कूल में एक शानदार शिक्षक के रुप में काम किया, आज वे शासकीय सेवा से निवृत जरूर हो रहे हैं, लेकिन शिक्षक हमेशा ज्ञान का उजियारा फैलाता है। वे जीवन के अगले पड़ाव में भी गुरु-शिष्य परंपरा के लिए काम करते रहेंगे ।शिक्षक साथियों द्वारा विदाई समारोह में श्री मिश्रा के साथ जुड़े अपने पुराने अनुभवों को यादकर उनके सेवानिवृत होने पर स्वस्थ दीधार्यु जीवन की कमाना की, सेवानिवृत्ति को जीवन का अगला पड़ाव बताते हुए उन्हे शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के बाद सेवानिवृत्त शिक्षक को गाजों बाजों , आतिशबाजी के साथ धर्मपत्नी उषा मिश्रा जी के साथ उनके निज निवास तक छोड़ने गये जहां परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया गया । इस विदाई समारोह में बीईओ जैतहरीआर बी प्रसाद , विद्याधर शर्मा ,पूर्व सेवानिवृत शिक्षक मुरारीलाल पांडे,नरेन्द्र पटेल, पुरषोत्तम पटेल, के के सिंह, विष्णु कुमार मिश्र,गया प्रसाद राय ,उमा कहार सुषमा यादव, सीता पाटिल, गंगाधर शुक्ल, रामनारायण मिश्र ,सुरेंद्र मिश्र, रामलखन मिश्र ,सूरज मिश्र ,रणजीत सिंह, प्रकाश अवस्थी, अजय मिश्र, कीर्ति निखार, सुजाता बर्मन, राजेन्द राव, हरीश श्रीवास्तव, प्रकाश गौतम, राम विनोद एल.डी दुवेदी, इस कार्यक्रम को आगामी कई वर्षो तक याद किया जाएगा ।

# भजन संध्या आयोजन में इं. संजीव सक्सेना जी का हुआ सम्मान।



**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल मोबाइल 8878054839**

**भोपाल।** दक्षिण पशिचम विधानसभा भोपाल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं क्षेत्र के लोकप्रिय इंजीनियर श्री संजीव सक्सेना जी भजन संध्या के शानदार कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजकों द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने भजन संध्या के गायक की प्रस्तुति पर उनकी प्रशंसा की आयोजन कर्ताओं का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन भोपाल के पांच नंबर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में मां भगवती आराधना मंच द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया ÷भजन संध्या÷ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भावांजलि अर्पित की। मिनी चंचल मनीष देवलिया जी के मुख से भजन सुनकर ऐसे लगा जैसे साक्षात मशहूर भजन गायक नरेंद्र चंचल को सुन रहे हैं नरेंद्र चंचल जी की अनूठी और आध्यात्मिक आवाज में भजन सुनकर हर व्यक्ति भक्तिभाव में डूब जाता था। प्रातःकाल उनके भजनों को सुनकर मन भाव-विभोर और अंतर्मन अप्रतिम आध्यात्मिक एवं नई ऊर्जा से भर जाता था।

## डॉ. इंद्र बहादुर सिंह अंतरराज टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

# जीवन के सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन अनिवार्य हैः कुमार प्रतीक

**जिला रिपोर्टर गंगाधर चौधरी**



शहडोल। जिले के बुढ़ार के समीपस्थ हनुमान बाग स्टेडियम खैरहा मे बुधवार को डॉ इंद्र बहादुर सिंह अंतर राज्य टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती दूजी बाईकोल की अध्यक्षता में आयोजित किया द्य दीपक शर्मा टीआई दिलीप सिंह अख्तर रजा अंजय सिंह गौस अहमद मोहम्मद इबरार अहमद शिव नारायण शुक्ला रिकी सरदार अजीत शुक्ला रघुनंदन सिंह विपुल सिंह अतिथि के रुप में मंचासीन रहे द्य आयोजन समिति ने अतिथियों का बैच एवं माला से स्वागत किया द्य पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने उद्घाटन मैच को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है ट्रैफिक के नियमों का पालन करना चाहिए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घट सके कुमार प्रतीक पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए खेल भी जरूरी है खिलाड़ी को अनुशासन एवं खेल भावना से खेलना चाहिए खेल के माध्यम से आपसी सद्भाव भाईचारे की भावना बढ़ती है आयोजन समिति क्षेत्र की प्रतिभाओं को तराशने के लिए यह टूर्नामेंट के क्षेत्र में जो कदम उठाया है सराहनीय है क्षेत्रीय प्रतिभाएं अंतर राज्य टूर्नामेंट का अनुभव का लाभ अवश्य मिलेगा मेरी दोनों टीम को शुभकामनाएं है इसके पूर्व जिला पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने खेल मैदान जाकर खिलाड़ियों से रूबरू हुए और रिबन काटकर बैटिंग कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया द्य पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने सड़क सड़क सुरक्षा सप्ताह में हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की शपथ दिलाई संचालन मोहम्मद इरशाद अहमद जबकि आभार प्रदर्शन आयोजन समिति के सचिव राजन शुक्ला द्वारा किया गया द्य मोहम्मद कलाम सुधीर शर्मा इम्तियाज खान आंखों देखा हाल सुनाया जबकि राहुल बारी मोहम्मद इकबाल एंपायर की भूमिका निभाई अल्ताफ राजा मोहम्मद इस्लाम आशिफ स्कोरर रहे द्य डॉ इंद्र बहादुर सिंह टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच डीसीसी धनपुरी एवं संजय नगर के मध्य 16 16 ओवरों का रोमांचक मैच खेला गया टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए संजय नगर संजय नगर 16 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाया जिसमें रफीक ने 23 गेंदों में आठ आसमानी छक्के 1 चौके की मदद से शानदार 57 रन का योगदान दिया द्य जवाबी पारी खेलते हुए डीसीसी धनपुरी ने 16 ओवरों में 2 विकेट से उद्घाटन मैच जीत लिया मैन ऑफ द मैच डीसीसी धनपुरी के कुमार रहे।









## फुटबॉल टूर्नामेंट सिरोंजा में हुआ आयोजित

**कैलाश कुमार / शहडोल** - कमिश्नर शहडोल संभाग से राजीव शर्मा की पहल पर शहडोल संभाग में फुटबॉल क्रांति चलाई गई है। फुटबॉल क्रांति के तहत आज स्व.संतोष जायसवाल स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट सिरौजा,बिरसा मुंडा खेल मैदान में आयोजित किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक जैतपुर श्रीमती मनीषा सिंह फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। फुटबॉल प्रतियोगिता में जयसिंह नगर और राजेंद्रा कॉलोनी के मध्य खेला गया जिसमें राजेंद्र कॉलोनी ने जयसिंह नगर फुटबॉल टीम को 0-1 से पराजित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा,जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती शिल्पी सौरभ पांडे, नेहरू डिग्री कॉलेज बुढार अध्यक्ष(जनभागीदारी) नीलेश जैन ,मंडल अध्यक्ष विपुल सिंह मंडल उपाध्यक्ष, श्री एम रामा राव गोकुल नापित उपसरपंच संजय पांडे, ग्राम पंचायत सिरौजा के सरपंच रामराज कोल, सुनील जायसवाल,अजय कोल विकास जायसवाल सीता शरण जायसवाल संजय जायसवाल राजेश जायसवाल, सचिन कोल, जससाहू सहित फुटबॉल प्रेमी उपस्थित रहे।

## कुश्ती का आयोजन, 50 से ज्यादा पहलवानों ने दिखाएं दांव पेंच

**विदिशा।** विदिशा में मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश स्तरीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया । जिसमे 50 से ज्यादा पहलवानों ने कुश्ती में अपने दाव पेंच दिखाएं । विदिशा में हर साल की तरह इस बार भी छाल दिवाली अखाड़ा द्वारा प्रदेश स्तरीय कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया । जिसमे शहर ही नही आसपास के जिलो के पहलबानो ने हिस्सा लिया और अपना दम दिखाते हुए दांव पेच दिखाए। कुश्ती के इस पुरानी एवं पारंपरिक खेल को देखने के लिए दूर-दराज गांवों से ग्रामीण भी पहुंचे थे और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। अखाड़े के उस्ताद खेमचंद ने बताया कि पिछले कई वर्षो से अनवरत रूप से अखाड़े द्वारा आयोजन कराया जा रहा ह अखाड़े के उस्ताद खेमचंद अहिरवार ने बताया कि लगभग ढाई सौ सालों से यह आयोजन होता आ रहा है भारत की पुरानी परंपरा और देसी कुश्ती का आयोजन होता है विदिशा जिले से और प्रदेश के विभिन्न जगहों से बड़ी संख्या में पहलवान दंगल में भाग लेते हैं । कुश्ती में कला विलुप्त होती जा रही है , मगर इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के पहलवानों को प्रेरणा मिलती है। इससे युवा वर्ग पहलवानी की ओर आकर्षित होता हैं। उन्होंने कहा कि कुश्ती से लोग स्वस्थ भी रहते हैं।



# मकर संक्रांति के उपरांत, स्थानीय निकाय नगर पंचायत जैतहरी के चुनाव की राजनीतिक संक्रांति मेला पर नजर डालें, उससे पूर्व मन की बात।

**कैलाश कुमार**

अनूपपुर। किसी भी मत के अनुगामी दो तरह के होते हैं पहले वे जो उस मत को आत्मसात करते हैं दूसरे वे जो लकीर के फकीर बने मात्र भोंपू होते हैं। इन्हें डरकती जमीर और खिसकती जमीन से कोई वास्ता नही होता। राजनीति के क्षेत्र में ऐसे भोपूओं का आचरण सत्ता के स्वाद पर निर्भर रहता है। स्वादानुसार रंग बदलने वाले राजनीति के ये खिलाड़ी अनुशासन के सैद्धांतिक संसय शोधन से बिचलित हो जाते हैं। तर्क दिया जाता है कि जो मेहनत करता है वही सफल होता है, इस आधार पर तो गधा सर्वाधिक सफल होता किन्तु गधों का मालिक सफल होता है। क्करू अमीर मालिक का नौकर वही होता है जिसे अपने ऊपर हो रहे शोषण का बोध नही होता। जनता को समस्या के मूल से भटकाने का काम राजनीतिक भोंपुओं के पास होता है। ज्ञानीजन चिंतन अवश्य करेंगे कि सम्मोहन के भ्रमजाल को कैसे तोडना है ÷। प्रधानमंत्री आवास योजना में किये गये अनियमितताओं की चर्चाओं के गर्म माहौल में हो रहे नगर पंचायत चुनाव ने नगर का राजनीतिक पारा बढ़ चुका है। कांग्रेस और भाजपा के लोग अपना अपना परचम लहराने के लिए भरी ठण्ड में पसीना बहा रहें है। इन दोनों दलों के अतिरिक्त अवसरवादियों का एक सशक्त जमात भी है जो चुनाव जीतने के प्रति आश्वासत है। एक ओर जहाँ लोकप्रिय पूर्व अध्यक्ष अवधेश राम अग्रवाल के प्रत्यक्ष चुनावी मैदान में न होने से भाजपा खुश है लेकिन दूसरी ओर मप्र शासन के



खाद्यमंत्री बिसाहूलाल सिंह का, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्षो के साथ प्रगाढ़ आत्मीय संबंध होने के कारण भाजपाई उम्मीदवार भीतरघात होने की आशंका से सशंकित भी हैं। भाजपा के उन उम्मीदवारों को, जो अध्यक्ष पद के संभावित दावेदार हैं, अन्य निकायों में भाजपा के जिलाअध्यक्ष द्वारा किये गये नवाचार ( निर्दलीय व कांग्रेस को प्राथमिकता )के आचरण ने भयभीत कर रखा है । कांग्रेस एकजुटता के साथ इस चुनाव को लड़ने व जीतने का दावा तो कर रही है लेकिन अभूतपूर्व जिला अध्यक्ष फूंदेलाल विधायक का इस चुनाव में उनके सक्रिय योगदान का न होना, मंत्रीजी के सानिध्य में कांग्रेसी मित्रों का नवाचार में शामिल होने की आशंका को बल मिलता है।


## आवश्यकता

युवा प्रदेश नेटवर्क

मध्यप्रदेश के सभी जिले व तहसीलों में संवाददाता नियुक्त किये जाने है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

**युवा प्रदेश नेटवर्क,**
प्रधान संपादक-नागेश नरवरिया
मो.- 9425156055-9755364204

## जनपद पंचायत बुढार द्वारा 3 फरवरी को इनडोर स्टेडियम धनपुरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह का आयोजन : मुद्रिका सिंह



**बुढार नगर संवाददाता** गंगाधर चौधरी द्वारा स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय बुढार अंतर्गत बुढार धनपुरी एवं बकहो का 3 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह का आयोजन इनडोर स्टेडियम धनपुरी में आयोजित किया गया है द्य उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार ने बताया कि बुढार जनपद पंचायत बुढार नगर पंचायत परिषद धनपुरी नगरपालिका परिषद बकहो नगर पंचायत परिषद के पात्र कन्या विधवा परित्यागता का सामूहिक मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह के आवेदन 21 जनवरी तक लिए जाएंगे द्व उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार ने बताया कि अपने अपने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 21 जनवरी सामूहिक कन्यादान विवाह के आवेदन जमा करा कर मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना का लाभ देने का अनुरोध किया गया है।

## तहसील विधिक सेवा समिति ने आयोजित की मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम।

**बुढ़ार - गंगाधर चौधरी**




बुढ़ार। गत दिनों तहसील विधिक सेवा समिति, बुढ़ार में मीडिएशन मॉनिटरिंग समिति की बैठक एवं मध्यस्थता जागरूकता शिविर का आयोजन जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति श्री प्रकाश कसेर की उपस्थिति में किया गया। साथ ही साथ बैठक में मध्यस्थ न्यायाधीशगण - श्रीमती सुमन उईके अति. जिला न्यायाधीश, श्री राहुल वर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, श्रीमती शोभना गौतम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, बुढ़ार एवं पैनल लॉयर्स अधिवक्तागण - अरविंद साहनी, अनीता सहोता, नीतेश सिंह, वीरभान सिंह, उमेश नामदेव, तथा अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे, इसके अतिरिक्त पक्षकारगण को मध्यस्थता जागरूकता के संबंध में सलाह दी गई एवं लोक अदालत के संबंध में जानकारी देते हुए कानूनी विवादों से दूर रहने की समझाईश दी गई।

## स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया।



**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय आवासीय कन्या परिसर पवारखेड़ा में प्रतिवर्ष अनुसार स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं सहित सभी शिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार भी किया गया । शाला प्रभारी प्राचार्य श्री उपेंद्र राठौर द्वारा छात्राओं को योग एवं व्यायाम से शरीर को कितना फायदा होता है जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन योग प्रभारी श्रीमती आशा मीना द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्राओं सहित स्कूल के शिक्षकों ने योग किया।

### 26 जनवरी भी हर्सोल्लास से मनाया जाएगा?

शाला प्राचार्य श्री राठौर जी ने बताया कि भारतीय गणतंत्रता दिवस अर्थात 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू हुआ था एवं प्रथम स्वतंत्रता दिवस 26जनवरी 1930 को मनाया गया था। हर वर्ष अनुसार इस बार भी बहुत ही हर्सोल्लास से मनाया जाएगा।

# सत्ता के आगे बौना साबित हुआ भाजपा संगठन, कार्यकाल खत्म होने के बाद भी अबतक नहीं हुआ बदलाव

**खरी-खरी - राजेश शुक्ला**



अनूपपुर - जिस संगठन के दम पर सत्ता में पहुंची है भाजपा आज उसी सत्ता के आगे संगठन बौना साबित हो गया है। जब तक जिले का कोई विधायक मंत्री नहीं था तब तक संगठन बहुत ही ताकतवर था जब से पार्टी में घुसपैठियों का कब्जा हुआ हैं, तब से यह संगठन कांग्रेस की तर्ज पर सत्ता के आगे पीछे घूम रहा है। संगठन ने अपने असली कार्य को भुलाकर सत्ता की दलाली मैं मस्त है। आज जिले में या यूं कहें प्रदेश में कोई भी गैरकानूनी कार्य हो रहे हैं उनमें संगठन की सहभागिता दिखाई दे रही है। रेत का अवैध उत्खनन, सट्टा-जुआ बाजार जैसे कई और गैरकानूनी कार्यों में हिस्सेदारी बनी हुई है। जिले में संगठन का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी पद पर बने रहना यह बताता है कि प्रदेश नेतृत्व सत्ता के आगे कितना कमजोर हैं कि कार्यकाल खत्म होने के बाद प्रदेश की बैठकों में हिस्सा लेना और फिर होने वाले चुनाव चर्चा करना जबकि जिले में संगठन नहीं के बराबर रह गया है। जिसे सत्ता ने पूरी तरह अपनी चपेट में लेकर कमजोर कर दिया हैं। ऐसे में होने वाले विधानसभा चुनाव ऐसे संगठन पर कैसे भरोसा किया जा सकता हैं। जबकि जिले का संगठन प्रमुख स्वयं अपने-आप को विधानसभा के दावेदार मानते हैं। ऐसे में संगठन में बदलाव होना होना कार्यकर्ताओं में निराशा झलक रहीं है। घुसपैठिए के कारण वैसे भी पार्टी का सही कार्यकर्ता पार्टी से दूर होता नजर आ रहा हैं। दूर होते कार्यकर्ताओं की पीड़ा को समझने वालों आज कोई दिखाई नहीं दे रहा। संगठन पूरी तरह सत्ता की कब्जे में होने से आम कार्यकर्ता इनके नजदीक नहीं पहुंच पा रहा वह अपनी पीड़ा किससे कहें। आदर्श, सिद्धांत और एकात्म मानववाद के दर्शन पर आधारित राजनीतिक दल भाजपा अब अपनी लहर नापने वाली मशीन की सेहत को नजरअंदाज करना कांग्रेस से सीख ही लिया। जिस जिला अध्यक्ष पर उनके अपने दल के कार्यकर्ता समय समय पर कई आक्षेप लगाते रहे प्रदेश नेतृत्व का भरोसा टूटा नही है। अनूपपुर में जिन्होंने भाजपा को भाजपा बनाया था उनकी प्रजाति लुप्त प्राय− है जो अभी दिख रहे हैं। चाटुकारिता का अभ्यास कर परीक्षा पास कर रहमोकरम पर मंच के निचले पायदान पर बिराजमान हैं। इस विसंगतिपूर्ण व्यवस्था का ज्ञान भाजपा प्रदेश नेतृत्व को हैं या व्यवस्थित करने के चक्कर में व्यवस्था न बिगड़ जाये। कांग्रेस को यह लगता है कि उनके जो साथी भाजपा में गये है वह भाजपा का सेहत बिगाड़ेगे जिससे नए साल में उनकी सरकार बननी तय है। कुछ हो भी कुछ इसी तरह से है।

# आर.जी.पी.वी. परीक्षा परिणामों में राधारमण विद्यार्थियों ने लहराया परचम।

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**
**मोबाइल 8878054839**



भोपाल। राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित बी ई सातवे सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में राधारमण समूह के विद्यार्थियों ने शानदार परीक्षा परिणाम हासिल किये किये हैं. घोषित परिणामों के मुताबिक राधारमण इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कंप्यूटर साइंस विषय के विद्यार्थी मोहित शर्मा 9.17 एस जी पी ए के साथ मेरिट लिस्ट में प्रथम आये. वहीँ सिविल इंजीनियरिंग विषय के सागर तुरकर ने अपने विषय में 9.13 एस जी पी ए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इलेक्ट्रॉनिक्स विषय में मुहम्मद आबिद ने 9.17 एस जी पी ए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया. इसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विषय में गणेश राठौर ने 8.38 प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मुहम्मद रेहान खान ने 8.63 एस जी पी ए प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी की अंजली ने 8.71 एस जी पी ए प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा तय्यबा अनम ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विषय में 9.04 एस जी पी ए के साथ अपने विषय की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कंप्यूटर साइंस विषय में संजय सिंह राठौर 8.75 एस जी पी ए के साथ प्रथम रहे. मैकेनिकल इंजीनियरिंग विषय में सागर कुमार ने 8.75 एस जी पी ए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया. सिविल इंजीनियरिंग विषय में मीना ने 8.5 एस जी पी ए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। राधारमण समूह के चेयरमैन आर आर सक्सेना, राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर अनुराग जैन तथा आर आई टी एस के डरेक्टर डॉ. आर के पांडेय व सभी फैकल्टी मेंबर्स ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है. उल्लेखनीय है की विगत एक से अधिक दशक से राधारमण समूह अपने परीक्षा परिणामों तथा शानदार प्लेसमेंट रिकॉर्ड के चलते पूरे मध्य भारत में लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

## भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी द्वारा पूर्व में दिए गए कलेक्टर महोदय के नाम पत्र पर आई तेजी ... कलेक्ट्रेट से संबंधित विभाग को जारी हुआ आवेदन

**मनेंद्रगढ़ - कैलाश कुमार**



हम आपको बता दें कि भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी यीशै दास के द्वारा पूर्व दिन दिनांक को एक पत्र एमसीबी कलेक्टर महोदय के नाम से आवक-जावक में दिया गया था जिसको संज्ञान ले तेजी लाते हुए कलेक्टर महोदय के द्वारा 1-कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग मनेंद्रगढ़ जिला मनेंद्रगढ़ ,चिरमिरी ,भरतपुर छ.ग

2-अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेंद्रगढ़ जिला मनेंद्रगढ़, चिरमिरी ,भरतपुर छ.ग

3-मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ जिला मनेंद्रगढ़ ,चिरमिरी ,भरतपुर छ.ग

विषय-मूलभूत सुविधाओं का आम जनता को दिलाने हेतु आवेदन पत्र।

संदर्भ-भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी मनेंद्रगढ़ जिला मनेंद्रगढ़ ,चिरमिरी, भरतपुर छ.ग का प्राप्त आवेदन पत्र।

उक्त पत्र में संदर्भित विषय अंतर्गत लेख है कि भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी मनेंद्रगढ़ जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त आवेदन पत्र में मनेंद्रगढ़ के विभिन्न वार्डों में आरओ वाटर सेंटर निर्माण/संचालन करने हेतु आवेदन किया गया है।

# बरगवां अमलाई मेला मैदान अतिक्रमण की चपेट में ,अतिक्रमण होने से हाट बाजार में बदल गया मकर संक्रांति का मेला।

**कैलाश कुमार**




## लगभग 2.24 एकड़ बेशकीमती मेला भूमि पर चेतराम चौरसिया दवारा अवैध रूप किया गया अतिक्रमण

अनूपपुर/ बरगवां अमलाई। बरगवां में विगत कई वर्षो से लगाया जा रहा मकर संक्राति का बृहद मेला अब अपनी पूरी रौनक खो चुका है। अब यहां महज मेला के नाम पर औपचारिकता ही निभाई जाती है। इसकी वजह है कि मेला जिस मैदान पर लगाया जाता है, वह पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है। जगह कम होने से मेला का स्वरूप भी छोटा होता चला गया। वहीं व्यापारियों का भी मोह भंग हो गया। कभी बड़े मैदान में लगाने वाला वाला यह मेला अब महज दो चार दुकानों और कुछ ठेलो में में सिमिट कर रह गया है ग्राम पंचायत बरगवां के तत्वावधान में आयोजित इस मेले में करीब सैकड़ों बड़ी दुकानें लगती है। इसके अलावा दर्जनों मनोरंजन के साधन आते हैं, साथ ही सैकड़ो की तादाद में चलित व्यापारियों की इसमें आवक होती है। मेले में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होते है। सिद्ध हनुमान मंदिर एवं जिला स्तरीय मेला होने से इसमें दूरदराज तक से रोजाना हजारों दर्शक व धर्मावलम्बियों का आना जाना होता था । परन्तु शासन की बेशकीमती भूमि खसरा क्रमांक 144 /1 रकवा 0,9100 पर चेतराम चौरसिया दवारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर कच्चे मकान,व पक्के दीवार बना ली है। साथ ही अतिक्रमी इस जमीन पर खेती कर रहा हैं। प्रशासन की उदासीनता से अतिक्रमण का सिलसिला लगातार जारी है। मेला स्थल पर हो रहे अतिक्रमण से मेले मे कम तादाद में भूखण्डों का आवंटन होने के साथ ही बाजार की चौड़ाई कम रहती है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी आती है। मेला मैदान पर किए गए इस अतिक्रमण को लेकर ग्रामीण कई बार मांग उठा चुके हैं तहसीलदार को भी लिखित में शिकायत की गई। लेकिन इस अतिक्रमण को हटाया नहीं जा सका , जिसके चलते यहां का मेला का मूल स्वरुप विलुप्त होने के कगार पर पहुंचने लगा है

### इनका कहना है...

अगर वहां पुनः अतिक्रमण हुआ है तो जांच कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी इसके पहले भी उक्त भूमि पर अतिक्रमण हटाने संबंधी कार्यवाही हो चुकी है*


**(भागीरथ लहरे, तहसीलदार अनुपपुर )**

# जय भीम के नारों से गुंजा शहडोल कलेक्टर कार्यालय, भीम आर्मी एवं आज़ाद समाज पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



**कैलाश कुमार**

शहडोल। दिनांक 18 जनवरी 2023, भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी के बैनर के तले भीम आर्मी ने गाँधी पार्क और आंबेडकर चौक से होते हुए रैली निकालना चाहिती थी, लेकिन शहडोल प्रशासन ने इसकी इजाजत देने से मना कर दिया। जिस कारण प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय ने कड़े शब्दो मे कहा कि यहां की प्रशासन हमें रैली की इजाजत देने के बजाय, यहां ङ्क वहां भटका रही है। और इसके साथ ही भ्रष्टाचार, भू माफियाओ, शहडोल जिले में रेत एवं कोयले का भ्रस्टाचार और अवैध उत्खनन जैसे मुद्दे पर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया।



भीम आर्मी एवं आजाद समाज पार्टी
प्रदेश कार्यालय - A-207, इन्द्र विहार कॉलोनी, तिलक नगर, एयरपोर्ट रोड़ भोपाल

क्र - 17
दिनांक - 18/01/2023

आमंत्रण

प्रिय पत्रकार एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया बंधु

सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 1 जनवरी 2023 से मध्यप्रदेश के सभी जिला में सामाजिक न्याय यात्रा निकाली जा रही है। उसी क्रम में आज दिनांक 18 जनवरी 2023 को शहडोल जिले में स्थान गांधी पार्क से शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए अम्बेडकर पार्क पर माल्यार्पण कर आयुक्त कार्यालय पर पहुंचेगी जहा आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

समय - 2:00 बजे
स्थान - गांधी पार्क, शहडोल

समस्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं पत्रकार बंधु सादर आमंत्रित है।

सम्पर्क सूत्र - 9713131100

सुनिल बैरसिया
प्रदेश संयोजक भीम आर्मी म.प्र.

सुनिल अस्तेय
प्रदेश अध्यक्ष आसपा म.प्र.



# थाना रामनगर अन्तर्गत हुई महिला की हत्या का पर्दाफास 02 आरोपी गिरफ्तार



**अनूपपुर - कैलाश कुमार**

**अनूपपुर/डोला।** दिनांक 09.01.2023 को फरियादी प्रीतम सिहं गहरवार पिता टीकम सिहं उम्र 23 वर्ष निवासी कपिलधारा कालोनी बिजुरी के द्वारा सूचना दी गई की शांती बाई पति छोटेलाल उपाध्याय(मिश्रा) उम्र 50 वर्ष निवासी वार्ड क्र0 05 न्यू डोला की कोई संतान नही थी तो उसे गोद ली थी वर्तमान में शांति बाई न्यू डोला में पति छोटेलाल उपाध्याय(मिश्रा) की मृत्यु हो जाने से अकेले रहती थी वह शांति बाई के घर अक्सर आता जाता था । दिनांक 09.01.2023 को सुबह करीब 10.00 बजे शांति बाई को देखने न्यू डोला आया था। तो उसका पडोसी मतई कोल बताया कि रात में कोई अज्ञात व्यक्ति शांति बाई के घर में घुसकर धारदार हथियार से हत्या करने की नियत से गले, सिर, चेहरे में गम्भीर चोट पहुचाकर एवं गले में साडी से फांसी लगाकर हत्या कर दिया है। रिपोर्ट पर अपराध क्र0 07/23 धारा 450,302 ता.हि. का कायम किया गया । अकेली महिला की हत्या की घटना होने से आस पास के क्षेत्र में सनसनी पैदा हो गई तथा आस पास के मोहल्ले में भय का वातावरण निर्मित हो गया था । उक्त संवेदनशील घटना में आरोपी अज्ञात था तथा घटना क्रम के बारे में भी कोई पता नही था। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा उक्त अंधी हत्या के अपराध की विवेचना व खुलासे हेतु एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर निरी0 आर0के0 बैस के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया । विवेचना के दौरान मौके पर डाग स्काड, फिन्गर प्रिन्ट यूनिट व एफएसएल अधिकारी को बुलाया गया। सभी विशेषज्ञ टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया गया मृतिका अपने घर के अन्दर मृत अवस्था में पडी थी साक्षियो की उपस्थिति में मृतिका के शव का पंचनामा कार्यवाही कर पीएम कराया गया पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतिका की मृत्यु अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मृतिका के घर में घुसकर गला दबा कर धारदार हथियार से वार कर हत्या करना पाया गया। टीम द्वारा परिस्थितियो को ध्यान में रखते हुये घटना स्थल के आस पास के साक्षियो से पूछताछ, मृतिका की जीवन शैली, उसकी दिनचर्या, उसके घर में आने जाने वाले लोगो, आने जाने के स्थान तथा आस पास के सीसीटीव्ही कैमरो तथा उससे मिलने जुलने वाले लोगो जीवित अवस्था में अंतिम बार देखा जाना आदि का बारिकी से अध्ययन किया गया तथा मुखबिरो के माध्यम से सूचनाये एकत्र की गई जिसके आधार पर दिनांक 12.01.2023 को संदेही सुरेश कोल पिता धनीराम कोल उम्र 23 वर्ष निवासी न्यू डोला जो मृतिका शांति बाई के घर अक्सर शराब पीने के लिये आता जाता रहता था जो घटना के एक दिन बाद से फरार हो गया जिसे खोंगापानी से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई जिसने अपराध को करना स्वीकार किया जिसके द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक 08.01.23 के रात 11.00 बजे से 12.00 बजे के बीच वह तथा पडोस में रहने वाले राकेश कोल (गूंगा) पिता मतई कोल उम्र 22 वर्ष निवासी न्यू डोला जो कि मूकबधिर है के साथ मृतिका शांति बाई के उसके घर में साडी से गला दबाकर व कुल्हाडी से वार कर हत्या की है । उक्त दोनो आरोपी मृतिका के घर शराब लेने गये थे शराब के पैसे देने की बात पर से विवाद हुआ इसी विवाद में उक्त दोनो नें मिलकर मृतिका शांति बाई की साडी से गला दबाकर व अन्दर कमरे मे ले जाकर कुल्हाडी से वार कर हत्या कर दी । उक्त दोनो आरोपियो को दिनांक 12.01.23 को गिरफ्तार किया गया व उनसे विवेचना मे आवश्यक वस्तुए जप्त की गई है व आरोपियो कों आज दिनाकं 13.01.23 को न्यायालय पेश किया जा रहा है । मूकबधिर आरोपी राकेश कोल से उसकी भाषा व इशारो को समझने के लिये जनपद शिक्षा केन्द्र गोहपारू जिला शहडोल मे पदस्थ सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ श्री कृष्ण कुमार शर्मा की मदद से पूछताछ व अन्य विवेचना कार्यवाही की गई है । इस प्रकार उक्त महिला की अंधी हत्या का पुलिस द्वारा 48 घण्टे के अन्दर खुलासा कर दिया गया । उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनूपपुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के कुशल मार्गदर्शन एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर निरी0 आर0के0 बैस के नेतृत्व में उपनिरी0 विपुल शुक्ला, सउनि0 विनोद नाहर, प्रआर0 84 सनत कुमार द्विवेदी, प्रआर0 122 संजीव त्रिपाठी, प्रआर0 31 निरंजन खलखो, आर0 464 विनोद मरावी, आर0 347 अंशू कुमार, आर0 268 अमित पटेल, चालक आर0 262 रिन्कू गोले द्वारा की गई।

# अवैध रेत उत्खनन सहित छत्तीसगढ़ में हो रहे ईडी कार्यवाही को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने मिडिया माध्यम से लगाए आरोप

**मनेंद्रगढ़ - कैलाश कुमार**



हम आपको बता दें कि एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र पटवा के द्वारा मीडिया से रूबरू होते हुए मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में जब से सरकार बनी है कांग्रेस की तब से माफियाओं की कमी नहीं है ।रेत माफिया खुलेआम जैसे रात को भी पोकलेन मशीन से उत्खनन किया जाता है तथा लगभग 20 गाड़ियां आये दिन खड़ी रहती है। जिसके कोई आए आय-व्यय हिसाब किताब नहीं रहता है। लगाए आरोप- अधिकारी भी मूकदर्शक है मुंह बंद कर बैठे हुए हैं ।या फिर सत्ता के दबाव में रहते हैं। लेकिन जो अवैध रूप से खनन हो रहा है। उसको रोकना चाहिए। हम लोग कि जब सरकार थी तब यह लोग जो आज प्रतिनिधि बने हुए हैं ।काफी हंगामा कर सड़कों पर लोट जाया करते थे ।आंदोलन करते थे। आज वह क्यों चुप हैं क्योंकि उन्हें लगता है मोटी रकम प्राप्त हो रही है। इसी वजह से हो सकता है शायद चुप हैं। आने वाले समय में जनता इनको सबक सिखाएगी ।वहीं ईडी संबंधित मामले पर -श्री पटवा द्वारा कहा गया कि पूरे विश्व में भारत देश में चल रहा है जो चपेट में आएगा ईडी का जो हाथ लगेगा ईडी के बचने वाला नहीं है। और जो काला धन रखे हुए हैं ।यह तो गलत है । ईडी जा रहा है ।और मैं तो देख रहा हूं कि माननीय मुख्यमंत्री जी के काफी करीबियों का जो करीबी है। इन लोग भी पैसा जोड़कर रखे हैं ।और कहीं ना कहीं ईडी को लिकेज मिल रहा है। ईडी वाले छापा मार कर रहे हैं ।हम आपके यहां तो ईडी आएगा नहीं जो धनवान है। अरबपति ,खरबपति है। उनके यहां ईडी जाएगा ।और मैं मीडिया माध्यम से ईडी को शुभकामनाएं देता हूं। निश्चित तौर पर कार्यवाही होना भी चाहिए। ताकि आने वाले समय में काला धन से बचें और हमारा छत्तीसगढ़ साफ सुथरा रह सके।मुख्यमंत्री मान. भूपेश बघेल द्वारा जो आरोप लगाया गया है कि भाजपा इशारे पर छत्तीसगढ़ में ईडी कार्रवाई हो रही है उक्त संबंध में- पटवा द्वारा मीडिया को जानकारी साझा कहां की ईडी जो है किसी के कहने से कार्यवाही नहीं करती है।उनको सबूत मिलता है जहां जानकारी मिलती है वहां वहां जाते हैं। कोई भाजपा नहीं कोई कांग्रेस नहीं यदि भाजपा वाले के साथ उनको कुछ करना होगा कुछ सबूत मिलेंगे तो निश्चित ही ईडी छापा मारेगी ईडी स्वतंत्र विभाग है इसमें कोई भाजपा नहीं कोई कांग्रेस नहीं ऐसी कोई बातें नहीं है ।और जो इधर उधर से काली कमाई कर रखे हुए हैं। उनके यहां ईडी जाता है ।

# सागर में हुआ गजल विमोचन कार्यक्रम

**सागर - कैलाश कुमार**



सागर - सागर में आज अनेकों वर्ष बाद सागर में प्रगतिशील लेखक संघ व स्यामलं संस्था द्वारा आयोजित वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व डिप्टी कलेक्टर श्री महेंद्र सिंह जी की पुस्तक( कितना सन्नाटा है) गजल संग्रह विमोचन के कार्यक्रम में मुझे जन आवाज मंच की और से शामिल होने का एवं मंचीय व्यवस्था में सहयोग कर स्वागत करने का अवसर प्राप्त हुआ कार्यक्रम कार्यक्रम में प्रदेश के जाने माने साहित्यकार व प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा सम्पादित बसुधा पत्रिका के संपादक श्री राजेन्द्र शर्मा जी ,वरिष्ठ कथाकार सुश्री शरद सिंह सागर इकाई के अध्यक्ष टीकाराम त्रपाठी जी डॉ गजाधर सागर जी, महासचिव एडवोकेट प्रैक्टिस कुमार फुसकेले, डॉ निरंजना जैन , नम्रता फुसकेले जी,दीपा भट्ट जी, लीलाधर अहिरवार, रामेश्वर सिंह एडवोकेट जबलपुर हाई कोर्ट ठाकुर ,एम डी त्रपाठी जी, रमाकांत यादव, रामेश्वर सिंह सहित अनेकों साहित्य कर्मी शामिल रहे।

# परिषद डूमर कछार के कांग्रेस के पदाधिकारी व महिला कांग्रेस के सामूहिक ने किया वनभोज

**अनूपपुर - कैलाश कुमार**

अनूपपुर - दिनांक 13/01/23 को नगर परिषद डूमर कछार के कांग्रेस के नेताओं श्री अशोक दुबे,श्री जगदीश पटेल,श्री निर्भय सिंह,श्री नबी रसूल तथा यूथ कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस के सामूहिक प्रयाश से वनभोज एवं चिंतन शिविर का आयोजन पौराधार में डैम के समीप किया गया।जिसमें तीनों नगर परिषद डोला,डूमर कछार तथा बनगंवा के नेता एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। वनभोज का प्रमुख उद्देश्य बीते तीनों नगर परिषद में कांग्रेस की करारी हार पर चिंतन कर कारणों पर सबक लेते हुए सुधार पर सभी ने उद्‌बोधन दिया।कांग्रेस को कोयलांचल क्षेत्र में पुनः मजबूत स्तिथि में कैसे खड़ा किया जाय इस बात पर सभी ने अपने अपने विचार रखे तथा आगामी विधान सभा के चुनाव में कोयलांचल क्षेत्र में पुनः कांग्रेस का परचम लहराने का संकल्प लिया गया। कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने हेतु डोला और राजनगर में भी ऐसे ही कार्यक्रम किये जायेंगे।कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता श्री अशोक दुबेजी,श्री जगदीश पटेल,श्री निर्भय सिंह,श्री जे पी श्रीवास्तव,श्री अजय सिंह,श्री नबी रसूल,श्री रामनारायण सिंह , श्री संतोष यादव,श्री अशोक जेठानी,श्री केश्टो मित्रा,श्रीमती पुष्पा सिंह,श्रीमती प्रियंका जायसवाल श्रीमती गुलरेज आदि लोगों ने संबोधित किया।



# नव जागरण एवं पुनर्जाग्रण का कार्य करना होगा - श्री जे एन कंसोटिया जी

**भोपाल - कैलाश कुमार**




भोपाल - दिनांक 15 जनवरी 2023 को मध्यप्रदेश भोपाल के नए रविंद्र भवन में अजाक्स की प्रांत स्तरीय मीटिंग का आयोजन किया गया ।उपरोक्त मीटिंग में ब्लॉक तहसील, जिला, संभाग एवं प्रांत के समस्त कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सम्मानित श्री जे एन कंसोटिया थे। रविंद्र भवन के हालमें आए हुए समस्त ब्लॉक, तहसील अध्यक्षों को बारी बारी से बोलने का मौका दिया गया । इसके बाद तहसील अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष इत्यादि को बारी-बारी से मौका दिया गया ।ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में नागौर, नरवर, बेरसिया ,आमला इत्यादि तहसील अध्यक्ष ने अपने विचार रखे । तत्पश्चात जिला अध्यक्षों के रूप में उमरिया, मंडला, सीहोर, बैतूल, कटनी, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, सतना, सिंगरौली ,छतरपुर, हरदा, नरसिंहपुर ,सागर, खंडवा, सिवनी, डिंडोरी, इंदौर, शिवपुर, उज्जैन इत्यादि ने बारी-बारी से अपने विचारों को रखते हुए कहा कि वह तन, मन, धन से संगठन को मजबूत करेंगे, तथा समाज में चेतना फैलाने का काम करेंगे । तत्पश्चात जिला अध्यक्षों के उद्बोधन के बाद मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री जे एन कंसोटिया जी ने अपने विचारों को रखकर उद्बोधन में इस प्रकार कहा। यह बात निश्चित है कि कोरोना के कार्यकाल में ड्डद्भद्गड्डद्मह्य की गतिविधियां कमजोर रही है ।सक्रियता से काम अजाक्स के सदस्य मजबूरी वस नहीं कर सकें हैं। अब सरकार ने जो नीतियां बनाई हैं। देश में नवजागरण एवं पुनर्जागरण का समय है। एससी एसटी का वर्ग कुंठा में अब नहीं है। दिक्कतों से निकलकर डेमोक्रेसी में जीवन यापन कर रहा है। वह संस्कृति एवं कला में अपनी भूमिका निभाने लगा है। प्रजातंत्र के युग में एससी एसटी को स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। एससी एसटी का अब समय आ गया है वह अपने अधिकारों को बचाए। जरूरत पड़े तो संविधान में दिए गए अधिकारों का उपयोग



कर धरना और आंदोलन के माध्यम से भी अपनी बात को शासन तक पहुंचा सकता है। समाज नहीं बदलेगा तो सामाजिक परिवर्तन करना ही पड़ेगा । नव जागरण एवं पुनर्जागरण के अभियान चलाना ही पड़ेंगे ,70 वर्ष पहले का समय था वर्ष 1916 ,17 में बाबा साहब ने आंदोलन चलाया ,उस समय कम पढ़े लिखे लोग थे ।साइमन कमीशन देश में आया, बाबा साहब की मेहनत से एससी एसटी वर्ग को स्वतंत्रता पूर्वक जीने का मौका मिला। यह 75 वर्ष की यात्रा है ।संविधान की धारा सतत बह रही है। बाबा साहेब,बिरसा मुंडा ,टंट्या भीलकी विचारधारा हमें ताकत देती है ।समानता, समानता शब्द से हमें ताकत मिलती है ।सामाजिक कुरीतियां की विचारधारा किसी हमें निजात मिली है। पेरियार जी ने तमिलनाडु में आंदोलन चलाया, कबीरदास ,तुकाराम हमेशा समता ,समानता की बात करते रहे । तथा लगातार समाज में पुनर्जागरण का काम उन्होंने किया। 10 समाज सुधारको की विचारधाराओं को हम लोगों को समाज तक पहुंचाने की जिम्मेदारी लेना पड़ेगी। कार्य योजना जिला स्तर पर बनाना होगी। सभी महान समाज सुधारक का संदेश हमें घर-घर पहुंचाना है ।युवाओं को जोड़ें, स्टुडेंट हॉस्टल में बिरसा मुंडा, पेरियार, बाबा साहब का साहित्य हम पहुंचाएं ,तथा पुनर्जागरण अभियान चलाएं ।हॉस्टल में बाबा साहब, बिरसा मुंडा , को लोग नहीं जानते हैं ।यह जानकर हम लोगों को आश्चर्य होगा। लेकिन यह हमारी जिम्मेदारी है कि वह सामान्य ज्ञान भी हमें उनको देना पड़ेगा । यह ज्ञान हम उनको बिल्कुल नहीं दे रहे हैं। महापुरुष का साहित्य घर-घर पहुंचाएं ,यह कार्य योजना जिला को बनाना पड़ेगी ।ग्रामीण लोगों को जोड़ना पड़ेगा। तथा सामाजिक रूप से हमें कनेक्ट होना पड़ेगा ।प्रत्येक सदस्य का दायित्व है, कि व्यक्ति एक एक गांव को गोद में ले। ब्लॉक लेवल पर, पंचायत स्तर पर संगठन बनाएं। हर ग्राम से 10 लोगों के नाम संगठन से जोड़ें । महिलाओं को जोड़ें, स्टूडेंट को जोड़ें ,ह्यष्-ह्यह्ल यूनियन बनाना ही पड़ेगी ।जिला ,ब्लाक लेबल पर अंबेडकर स्टूडेंट यूनियन बनाई जा सकती है। बाबा साहब का साहित्य वितरित करने की हमारी जिम्मेदारी है ।महिला जागरूकता के शिविर भी लगाने की जरूरत है ।आज महिलाएं ज्यादा शिक्षित नहीं है। इसलिए उनमें तर्क शक्ति नहीं है ।पुरानी मान्यताओं में भी आज गांव के लोग जी रहे हैं। सामाजिक मुद्दों हेतु हमें जोड़ना पड़ेगा। सामाजिक रूप से कनेक्ट होना पड़ेगा। नव जागरण का अभियान चलाना पड़ेगा। सामाजिक सम्मान भी हम लोगों को दें। 80 वर्ष पहले छुआछूत सामाजिक सम्मान बोलचाल की भाषा में भी एससी एसटी वर्ग को नहीं मिलता था। बाल्मिक समाज को आज भी बासा खाना आज भी मुहैया कराया जाता है। बालमिकी समाज को जागरुकता आभियान चलाना चाहिए , उन्हें यह प्रथा बंद कर देना चाहिए। हो सकता है कि स्व वर्ग भी उनका विरोध करें ।लेकिन उन्हें पुनर्जागरण के काम तो करना ही होंगे 1925 में जब बाबा साहब ने इंदौर का भ्रमण किया था उस समय चर्मकार लोग चमड़े के कार्य करते थे। उन्होंने बाबा साहब के कहने पर यह जानवरों से चमड़े निकालने का काम बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि चमड़े के काम करने को लोग कमजोर दृष्टि से देखते हैं चमड़ा निकालना बंद करो । चर्मकारों ने चमड़ा निकालने का काम बंद कर दिया ।तो क्या बाल्मिक समाज अपना इस तरह से बासा खाना लेने का कार्य छोड़कर सम्मान नहीं बचा सकता ।उसको अपना सम्मान बचाना ही होगा ।बाहर चर्मकार लोग आज भी सड़क के किनारे बैठकर पॉलिश का काम करते हैं। जूते सुधारने का काम करते हैं। यह काम छोड़कर उन्हें अच्छे सम्मानजनक तरीके से कोई अच्छा धंधा पकड़ना ही पड़ेगा आज सरकारी नौकरी तो 2 परसेंट ही है 100 में से एक या 02पोस्ट के लिऐ हम लोग आपस में झगड़ते हैं।

## संपादकीय

# सर्वोच्च तो संविधान है

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा था कि 1973 में एक बहुत गलत परंपरा पड़ी, 1973 में केशवानंद भारती के केस में सुप्रीम कोर्ट ने मूलभूत ढांचे का विचार रखा कि संसद, संविधान में संशोधन कर सकती है लेकिन मूलभूत ढांचे में नहीं। अगर संसद के बनाए गए कानून को किसी भी आधार पर कोई भी संस्था अमान्य करती है तो यह प्रजातंत्र के लिए ठीक नहीं होगा।देश के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के साथ लोकसभा के स्पीकर ओम बिड़ला ने बुधवार को जयपुर में जिस तरह से विधायिका के कार्यक्षेत्र में न्यायिक अतिक्रमण का सवाल उठाया, वह सामान्य नहीं है। दोनों ने पीठासीन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही कि जिस तरह से विधायिका न्यायिक फैसले नहीं दे सकती, उसी तरह न्यायपालिका को भी कानून बनाने का अधिकार हड़पने की कोशिशों से बचना चाहिए। ध्यान रहे, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ खुद एक अच्छे वकील रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस भी कर चुके हैं। ऐसे में उनका यह कहना मायने रखता है कि संविधान की बुनियादी संरचना की अक्षुण्ता से जुड़े बहुचर्चित केशवानंद भारती मामले में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत परंपरा स्थापित करता है। उनकी दलील है कि लोकतंत्र में संसद सर्वोच्च है। ऐसे में संसद में पारित किए गए कानून को कोई दूसरी संस्था अमान्य करार दे तो फिर संसदीय सर्वोच्चता रह कहां जाती है। विधायिका के दो सर्वोच्च पदाधिकारियों की ओर से कही जा रही इन बातों का तात्कालिक संदर्भ जजों की नियुक्ति को लेकर चल रही बहस का है। इससे जुड़े नैशनल जुडिशल अपॉइंटमेंट कमिशन (एनजेएसी) एक्ट को असंवैधानिक बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में खारिज कर दिया था। उपराष्ट्रपति धनखड़ पहले भी उस फैसले की आलोचना कर चुके हैं। लेकिन दिक्कत यह है कि विधायिका के अधिकारों की रक्षा का हवाला देते हुए संसदीय सर्वोच्चता की जो व्याख्या की जा रही है, वह जाने-अनजाने न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करती जान पड़ रही है।उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जिस केशवानंद भारती मामले का जिक्र किया, वह फैसला 1973 में आया था। उसके बाद से न केवल विभिन्न अदालतों की सुनवाइयों के दौरान बल्कि तमाम सरकारों के निर्णयों में भी उस फैसले के शब्दों और भावनाओं का ख्याल रखा जाता रहा है।

# जी-20 परिचय

*दो दिवसीय बैठक 16 और 17 जनवरी को भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में होने जा रही है। बैठक में पर्यावरण सम्मत जीवन शैली-नैतिक मूल्य तथा सुमंगलमय युक्त वैश्विक सुशासन विषय पर देश और विदेश से आए मंत्री और भारत की जी-20 अध्यक्षता एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी। इसलिए हमारी थीम-एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है।*

जी-20 के अंतर्गत थिंक -20 की दो दिवसीय बैठक 16 और 17 जनवरी को भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में होने जा रही है। बैठक में पर्यावरण सम्मत जीवन शैली-नैतिक मूल्य तथा सुमंगलमय युक्त वैश्विक सुशासन विषय पर देश और विदेश से आए मंत्री और भारत की जी-20 अध्यक्षता एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने के लिए काम करेगी। इसलिए हमारी थीम-एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। - पीएम नरेन्द्र मोदीविषय-विशेषज्ञों द्वारा विचार-मंथन किया जाएगा। पहले दिन 16 जनवरी को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल 17 जनवरी को समापन समारोह में शामिल होंगे। बैठक में 5 प्लेनरी और 10 पेरेलल सेशन होंगे।जी20 या ग्रुप ऑफ टवेंटी एक अंतर-सरकारी मंच है जिसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। यह समूह वैश्विक अर्थ-व्यवस्था से संबंधित प्रमुख मुद्दों, जैसे अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता, जलवायु परिवर्तन शमन और सतत विकास को संबोधित करने के लिए काम करता है।

जी-20 के सदस्य देशों में अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं। यह 20 देशों का समूह दुनिया के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लगभग 75 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। वर्ष 2021 में, समूह ने माना कि ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस ऊपर सीमित करने की आवश्यकता होगी।जी-20 सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं।जी-20 के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार है; (1) वैश्विक आर्थिक स्थिरता, सतत विकास हासिल करने के लिए इसके सदस्यों के बीच नीति समन्वय;



(2) ऐसे वित्तीय नियमों को बढ़ावा देना जो जोखिमों को कम करते हैं और भविष्य के वित्तीय संकटों को रोकते हैं; और (3) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संरचना का आधुनिकीकरण।जी-20 द्वारा सामूहिक कार्य को प्रोत्साहित करने, बहु-विषयक अनुसंधान करने और आपदा जोखिम में कमी पर सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करने के लिए भारत की अध्यक्षता में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर एक नया कार्य समूह स्थापित किया जाएगा।द ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक वास्तुकला और शासन को आकार देने और मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर 2023 तक जी20 की अध्यक्षता करेगा। एक दिसंबर, 2022 को भारत ने इंडोनेशिया से जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है और 2023 में देश में पहली बार जी-20 नेताओं का शिखर सम्मेलन आयोजित करेगा। भारत के लिए, जी-20 की अध्यक्षता 2022 को अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ से शुरू होने वाली 25 साल की अवधि अमृतकाल की शुरूआत का भी प्रतीक है, जो अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी तक एक भविष्यवादी, समृद्ध, समावेशी और विकसित समाज, जिसके मूल में मानव-केंद्रित दृष्टिकोण है, का लक्ष्य रखता है।लोकतंत्र और बहुपक्षवाद के लिए गहराई से प्रतिबद्ध राष्ट्र, भारत की जी-20 अध्यक्षता देश के इतिहास में ऐतिहासिक है,, क्योंकि यह सभी की भलाई के लिए व्यावहारिक वैश्विक समाधान ढूंढ कर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहता है और ऐसा करने में, वसुधैव कुटुम्बकम या विश्व एक परिवार है की सच्ची भावना को प्रकट करता है।स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना पहली बार भारत के जी-20 प्रेसीडेंसी के तहत की जाएगी, जो ड्राइविंग इनोवेशन में स्टार्टअप्स की भूमिका को पहचानता है जो तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य का जवाब देता है। सगाई समूहों के साथ सक्रिय परामर्श भारत के समावेशी महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख, जी-20 दृष्टिकोण का एक अभिन्न अंग है, जैसा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष बाली शिखर सम्मेलन में रेखांकित किया था।

### भारत की जी-20 अध्यक्षता की थीम


वसुधैव कुटुम्बकम या एक पृथ्वी, एक परिवार एक भविष्य - थीम का सूत्र वाक्य महा उपनिषद के प्राचीन संस्कृत पाठ से लिया गया है। अनिवार्य रूप से, विषय जीवन के सभी मूल्यों की पुष्टि करता है। मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्म जीव और पृथ्वी पर और व्यापक ब्रहमांड में उनकी परस्पर संबद्धता बताता है। यह थीम व्यक्तिगत जीवन-शैली के साथ राष्ट्रीय विकास दोनों के स्तर पर इसके संबद्ध पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ और जिम्मेदार विकल्पों के साथ लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन-शैली) को भी उजागर करता है, जिससे विश्व स्तर पर परिवर्तनकारी कार्रवाई होती है। परिणामस्वरूप एक स्वच्छ, हरित और नीला भविष्य होता है।

### इंडिया-2023: थीम लोगो

जी-20 लोगो भारत के राष्ट्रीय ध्वज के जीवंत रंगों - केसरिया, सफेद और हरा नीला से प्रेरणा लेता है। यह पृथ्वी ग्रह को कमल के साथ जोड़ता है, भारत का राष्ट्रीय फूल जो चुनौतियों के बीच विकास को दर्शाता है। पृथ्वी में जीवन के लिए भारत के ग्रह समर्थक दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य में है। जी20 लोगो के नीचे भारत, देवनागरी लिपि में लिखा गया है। वैश्विक आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए वित्त मंत्रियों और केन्द्रीय बैंक के गवर्नरों के लिए एक मंच के रूप में एशियाई वित्तीय संकट के बाद 1999 में जी-20 की स्थापना की गई थी। वर्ष 2007 के वैश्विक आर्थिक और वित्तीय संकट के मद्देनजर इसे राज्य/सरकार के प्रमुखों के स्तर पर अपग्रेड किया गया था और 2009 में, अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए प्रमुख मंच नामित किया गया था। जी-20 प्रेसीडेंसी एक वर्ष के लिए जी-20 एजेंडा चलाती है और शिखर सम्मेलन की मेजबानी करती है। जी-20 में दो समानांतर ट्रेक होते हैं ः फाइनेंस ट्रेक और शेरपा ट्रेक। वित्त मंत्री और केन्द्रीय बैंक के गवर्नर वित्त ट्रेक का नेतृत्व करते हैं, जबकि शेरपा, शेरपा ट्रेक का नेतृत्व करते हैं। वित्त ट्रेक का नेतृत्व सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों द्वारा किया जाता है। दो ट्रेक के भीतर, विषयगत रूप से उन्मुख कार्य समूह हैं, जिनमें सदस्यों के प्रासंगिक मंत्रालयों के साथ-साथ आमंत्रित/अतिथि देशों और विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेते हैं। शेरपा ट्रेक से जी-20 प्रक्रिया का समन्वय सदस्य देशों के शेरपाओं द्वारा किया जाता है, जो नेताओं के निजी दूत होते हैं। शेरपा ट्रैक 13 वर्किंग ग्रुप्स, 2 इनिशिएटिव्स - रिसर्च इनोवेशन इनिशियटिव गेदरिंग और जी-20 एम्पावर और विभिन्न एंगेजमेंट ग्रुप्स के इनपुट की देखरेख करता है, जिनमें से सभी साल भर मिलते हैं और समानांतर में अपने इश्यू नोटस और आउटकम दस्तावेज विकसित करते हैं। ठोस चर्चाओं के बाद शेरपा बैठकों के लिए सर्वसम्मति-आधारित अनुशंसाएँ प्राप्त होती हैं। शेरपा स्तरीय बैठकों का परिणाम दस्तावेज अंततः नेताओं की घोषणा का आधार बनता है।

# हज यात्रा के लिए वीआईपी कोटा खत्म कर मोदी ने मुस्लिमों को बड़ी सौगात दी है

हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों के लिए ये अच्छी खबर है। भाजपा को अपना विरोधी समझने वाले मुस्लिम समाज के लिए केंद्र की मोदी सरकार का यह अच्छा निर्णय है। यह निर्णय ऐसा है कि विपक्ष भी इसकी आलोचना नहीं कर सकेगा। हज जाने वालों के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। उसने 2012 से शुरू हुआ हज यात्रियों का वीआईपी कोटा खत्म कर दिया। इस कोटे में पांच हजार सीट सुरक्षित की हुईं थी। कोटे के खत्म हो जाने पर अब हज जाने वालों को पांच हजार सीट और उपलब्ध होंगी। अब वीआईपी कोटे की सीटों को भी आम मुस्लिम को सीधे आवंटित किया जाएगा। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री स्मृति ईरानी ने इस बात की पुष्टि की है कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, अल्पसंख्यक मंत्री के साथ-साथ हज कमेटी को आवंटित हज यात्रियों के लिए आरक्षित किये गए सभी वीआईपी कोटे को खत्म कर दिया गया है। साल 2012 में 5000 सीटें वीआईपी के लिए आरक्षित की गई थीं।केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा है कि हज में वीआईपी कोटा खत्म करने का फैसला हो चुका है।



प्रधानमंत्री जी ने अपने कार्यकाल के प्रथम दिन ही वीआईपी कल्चर खत्म करने का संकल्प राष्ट्र के समक्ष प्रस्तुत किया था। स्मृति ईरानी ने कहा, ''हज कमेटी और हज यात्रा को लेकर संप्रग सरकार के समय वीआईपी कल्चर स्थापित किया गया था। इसके अंतर्गत संवैधानिक पदों पर आसीन लोगों के पास हज का विशेष कोटा होता था।%% उन्होंने बताया, ''अब प्रधानमंत्री जी ने अपना कोटा राष्ट्र को समर्पित किया ताकि इसमें वीआईपी संस्कृति नहीं रहे और आम हिंदुस्तानी को सुविधा मिले। राष्ट्रपति जी, उप राष्ट्रपति और मैं (केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री) स्मृति ईरानी ने भी अपना कोटा छोड़ा है। हमने हज कमेटी से चर्चा की कि आप वीआईपी कल्चर छोड़ दें और कोटा समाप्त कर दें। सभी राज्यों की हज कमेटियों ने इसका समर्थन किया।उल्लेखनीय है कि 'वीआईपी कोटे% के तहत राष्ट्रपति के पास 100 हज यात्रियों का कोटा होता था तो प्रधानमंत्री के पास 75, उप राष्ट्रपति के पास 75 और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री के पास 50 का कोटा होता था।

इसके अतिरिक्त हज कमेटी के सदस्यों/पदाधिकारियों के पास 200 हजयात्रियों का कोटा होता था। ये कोटाधारक अपनी सीट पर अपने नजदीकी, रिश्तेदार, वीआईपी और प्रभावशाली लोगों को भेजते थे। इस कोटे के खत्म हो जाने के बाद ये पांच हजार सीट भी अब आम सिस्टम से आवंटित होंगी। हज के लिए भारत का कोटा करीब दो लाख हजयात्रियों का हैहज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों के लिए ये अच्छी खबर है। भाजपा को अपना विरोधी समझने वाले मुस्लिम समाज के लिए केंद्र की मोदी सरकार का यह अच्छा निर्णय है। यह निर्णय ऐसा है कि विपक्ष भी इसकी आलोचना नहीं कर सकेगा। भले ही तारीफ करने की जगह चुप्पी साध जाए।

# जिन तालिबानियों को पाक ने धन और गन देकर पाला, आज वही उसका जीना मुहाल किये हैं

तालिबान को अफगानिस्तान की बागडोर संभाले हुए एक साल से ज्यादा हो गया है। लेकिन अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव अभी तक सुलझा नहीं है। एक तरफ अफगानिस्तान तालिबान ने पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं तो दूसरी ओर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने भी पाकिस्तानियों का जीना हराम कर दिया है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2022 में अफगान-पाक सीमा पर शत्रुता इतनी बढ़ गयी थी कि पाकिस्तान का जीना उन्हीं तालिबानियों ने मुहाल कर दिया जिन्हें धन और गन देकर पाकिस्तान ने पाला था। इस विवाद का बड़ा कारण डूरंड रेखा को माना गया।

अफगान तालिबान सीमा पर यथास्थिति में किसी भी %एकतरफा% बदलाव को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उधर पाकिस्तान भी पीछे हटने को तैयार नहीं है। जहां तक डूरंड रेखा की बात है तो आपको बता दें कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 2670 किलोमीटर लंबी यह सीमा रेखा 1893 में एक समझौते के माध्यम से स्वीकार की गयी थी। डूरंड रेखा पश्तून जनजातीय क्षेत्र से होकर दक्षिण में बलूचिस्तान के बीच से होकर गुजरती है। इस प्रकार डूरंड रेखा पश्तूनों और बलूचों को दो भागों में बांटती है। दुनिया में सबसे खतरनाक सीमा रेखा माने जाने वाली डूरंड रेखा को अफगानिस्तान नामंजूर करता रहा है। हम आपको यह भी बता दें कि इसका डूरंड रेखा नाम इसलिए पड़ा क्योंकि इसे सर मार्टिमेर डूरंड के नाम पर रखा गया। उल्लेखनीय है कि सर मार्टिमेर डूरंड ने ही अफगानिस्तान के तत्कालीन अमीर अब्दुर रहमान खाँ को इसे सीमा रेखा मानने पर राजी किया था। दूसरी ओर, हाल की हिंसा की घटनाओं के बाद अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। पश्तून जो लंबे समय से पाकिस्तान के एकतरफा दबाव का शिकार रहे हैं, वे 2022 के दौरान भी सर्वाधिक प्रभावित रहे और तालिबानियों और पाकिस्तानियों की भिड़ंत में पश्तून ही सर्वाधिक मारे गये। अत्याचार सह-सहकर पश्तूनों का धैर्य भी जवाब देने लगा है। एक तो पाकिस्तान में हो रहे अत्याचार दूसरा अफगान तालिबान की ओर से गोलीबारी। पश्तूनों को दोनों तरफ से मौत दिख रही है इसलिए अब वह सड़कों पर उतर रहे हैं। अफगानिस्तान की सीमा से लगते पश्चिमोत्तर पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में आतंकवाद और अपहरण की बढ़ती घटनाओं से भी लोग बेहद परेशान हैं।




एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के उड़ान प्रोजेक्ट के तहत लाइवलीहुड इंडिया समिट 2023 में बुंदेलखंड महिला किसान प्रोड्यूसर कम्पनी गढ़ाकोटा का प्रतिधित्व कंपनी की डायरेक्टर पुष्पा साहू ने किया इस कंपनी में वर्तमान में 600से अधिक शेयर धारक जुड़ चुके हैं जो किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराने सहित उनकी फसल का उचित मूल्य दिलवाने के साथ कृषि परामर्श का कार्य कर रही है जिससे हमारे क्षेत्र के अधिक से अधिक किसान दीदियों को लाभान्वित किया जा सके



# 52 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा इंदौर से आईटी एक्सपोर्ट पुणे-बेंगलुरू को पछाड़कर नया हब बनने की तैयारी

❑ इंदौर



मध्यप्रदेश की व्यवसायिक राजधानी इंदौर सूचना प्रौद्योगिकी का बड़ा गढ़ बन चुका है। पिछले साल यहां से होने वाले आईटी एक्सपोर्ट ने 50त्न की रफ्तार से वृद्धि दर्ज की है। शहर में इस समय पांच आईटी पार्क है और उसमें जगह नहीं बची है। कई सॉफ्टवेयर कंपनियां काम करने की जगह तलाश रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में भी कई बड़ी कंपनियों ने इंदौर में दफ्तर खोलने में रुचि दिखाई है। आईटी कंपनियां बेंगलुरू, पुणे और हैदराबाद के बाद अब इंदौर का रुख कर रही है। 2022 में आठ बड़ी कंपनियों ने अपना काम शुरू किया है। 2023 में भी एलएंडटी इंफोटेक जैसी बड़ी कंपनी अपना दफ्तर इंदौर में खोलने की तैयारी में है। इंफोसिस और टीसीएस के इंदौर ऑफिस खुलने के बाद कई बड़ी कंपनियों ने इंदौर का रुख किया है।

# वेदप्रकाश बनकर रह रहा था सादिक, ऐसे आसानी से बनवाए फर्जी आधार, पेन और राशन कार्ड

❑ इंदौर




इंदौर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है जो कई साल से नाम बदलकर इंदौर में रह रहा था. पकड़े गए युवक का नाम मोहम्मद सादिक है जो यहाँ पर वेदप्रकाश बनकर रह रहा था. उसने उत्तर प्रदेश में दसवीं की फर्जी मार्कशीट बनवाई थी जिसके आधार पर इंदौर में सभी तरह के दस्तावेज बनवा लिए. पुलिस का कहना है कि उसने व्यापारिक लाभ के लिए यह किया हालांकि पुलिस इस पहलू पर भी काम कर रही है कि कहीं वह खुफ़िया जानकारी जुटाने का काम तो नहीं था। मामले में मध्यप्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी पुलिस को पूरी जानकारी जुटाने के लिए कहा है. गौरतलब है कि हाल ही में इंदौर में हुए प्रवासी भारतीय सम्मलेन और ग्लोबल इन्वेस्टर मीट की वजह से पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। सादिक ने इंदौर में रहते हुए कई तरह के दस्तावेज बनवा लिए और वह कई तरह की सुविधाएँ उठा रहा था. उसने पेन कार्ड, राशन कार्ड, आधार कार्ड और डेबिट कार्ड समेत सभी जरूरी दस्तावेज बनवा लिए थे।

## जबलपुर में आदिवासी बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार


**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में 12 वर्षीय आदिवासी बच्ची के साथ तीन आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके खिलाफ पॉक्सो, दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। बताया गया है कि आरोपी बच्ची को मौसी के घर छोड़ने के बहाने अपने साथ ले गए थे। इस दौरान उन्होंने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बरगी की सीएसपी प्रियंका शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चरगवां निवासी 12 साल की आदिवासी बच्ची के घर पिछले एक माह से आरोपी पंचम ठाकुर (22 वर्ष) का आना जाना था। पंचम बच्ची की मौसी के गांव का रहने वाला है। रविवार की शाम पंचम बच्ची को मौसी के घर छोड़ने की बात कहते हुए बाइक पर अपने साथ ले गया था। आरोपी के साथ उसके दोस्त बाला ठाकुर और बृजेश ठाकुर भी थे। आरोपियों ने रास्ते में पड़ने वाले जंगल में बाइक को रोका और बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची को उसके मौसी के घर छोड़ दिया। आरोपियों ने घटना के संबंध में किसी को बताने पर बच्ची को जान से मारने की धमकी भी दी थी।





टेक–सुन लो आज कहानी रे, मनीराम जी जन्म लये है बोले बानी रे,

1. एक समय की बात बता रय सुनलईयों धर ध्यान,
   कर रय आज बखानी रे
2. अंग्रेजो ने कर दय हमला सुनलो सब गुनवान,
   भईउनके हैरानी रे
3. शंकरप्रताप जी पढने गये थे सुन लईयो परदेश,
   की मन में उन्ने ठानी रे
4. तीर कमान चलाने वाले बहुतई थे उस्ताद,
   वीर खे नई परेशानी रे
5. ग्राम बीतली के है गवईया बता रहे इतिहास,
   भई नगरी के हानि रे



टेक–ऐसी कर दई लडाई , लोक लाज बचाई

वीर पुरूष मनीराम ने

1. अंग्रेजो की सेना डटगई , महलों पर से नजरे हट गई ,
   कैसे ले हे जान, कोई वीर महान
2. मंसाराम गौरा देवी आई , अंग्रेजो से लडी लडाई
   कर दय उन्ने वार, माने नईया हार
3. अंग्रेजो ने गोली चलाई, मनीराम ने जान बचाई
   हो गये हैरान,ने बच हे अब जान
4. चीचली के जे बनगये विशेष, गीत बना रय आज उमेश
   हो गये सब में पास, बन गये इतिहास



*अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम जी अहिरवार जो कि स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजी सेना से युद्ध लडा और उन्हें परास्त कर गांव से खदेड़ दिया था। ऐसे महान पराक्रमी वीर के परिवार जनों की मांग है कि देश महान क्रांतिकारी वीर सपूत मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने हेतु जो आवाज उठाई जा रही है। जिसका नेतृत्व झुग्गी मजदूर किसान कल्याण समिति मध्यप्रदेश के माननीय श्री बलवान सिंह कुशवाहा जी सामाजिक अलख जगा रहे हैं। जिसमे चांवल के श्री परमसुख शाक्य जी,श्री गौतम नागदवने जी, श्री महेश नंदमेहर, श्री मूलचन्द मेधोनिया जी (शहीद सुपौत्र) श्री अशोक चिंतामन जी इत्यादि समाज के वरिष्ठ लोगों के द्वारा वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय शहीद का दर्जा दिलाने की आवाज़ उठाई जा रही है।*

जिला नरसिंहपुर के अनुसूचित जाति के वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी जिन्होंने सन 19 42 के स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर तहसील गाडरवारा के नगर चीचली मैं अंग्रेजी सेना से युद्ध लड़कर देश के लिए और अनुसूचित जाति वर्ग से गुलामी व बेगारी प्रथा के विरुद्ध लड़कर स्वाभिमान और मातृभूमी पर कुर्बानी देने वाले उपेक्षित योद्धवीर मनीराम जी को समर्पित जिला नरसिंहपुर के तहसील करेली बीतली के महान क्रांतिकारी बहुजन कवि श्री उमेश राज जी की गीतमय रचनायें सम्पूर्ण देश के लिए समर्पित कर प्रस्तुत है। बहुजन समाज में आने वाली समस्त वर्ग के सम्मानित लोगों से अनुरोध है कि ऐसे हमारे महापुरुष जिन्होंने देश की आजादी में योगदान दिया है उनकी लड़ई में सहयोग प्रदान कर शाहिद परिवार को सम्मान प्रदान कर उनके लिए इस काम सदैव एकता के सूत्र में रहते हुए सहयोग के लिए आगे आये। शूरवीर मनीराम अहिरवार जी के सुपौत्र मूलचन्द मेधोनिया के परिवार जन तीन पीढ़ियों से संघर्ष कर रहे हैं।

**गायक व कवि =उमेश राज**
**बीतली, तहसील करेली जिला नरसिंहपुर**

# अंगदान में एक बार फिर इंदौर ने रचा इतिहास, पहली बार हाथ भी हुआ डोनेट

**इंदौर।** इंदौर की एक महिला ने मृत्यु के बाद अपने अंग देकर चार लोगों की जिंदगी में खुशियां दी है। इंदौर में 47 वां ग्रीन कॉरिडोर बना। पहली बार हाथ भी डोनेट हुआ, जो मुंबई में एक किशोरी को लगेगा। इसके लिए एक चार्टर की व्यवस्था की गई। चैन्नई से रात को एक चार्टर प्लेन अंग लेने के लिए इंदौर आ गया था। सोमवार को अंगदान के लिए एक साथ अपोलो हॉस्पिटल चेन्नई,ग्लोबल हॉस्पिटल मुंबई चोइथराम हॉस्पिटल एवं सीएचएल हॉस्पिटल के लिए 47वां ग्रीन कॉरिडोर बना। रतलाम कोठी इंदौर निवासी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी सुनील खजांची की 52 वर्षीय पत्नी विनीता को ब्रेन की बीमारी





की वजह से 13 जनवरी की सुबह बॉम्बे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डाक्टरों ने परिवार को ब्रेन डेथ के लक्षण की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने अंग दान करने का फैसला लिया और डाक्टरों ने ग्रीन कॉरिडोर की तैयारी शुरू कर दी। सुबह ग्रीन कारिडोर बनाकर लंग्स अपोलो हॉस्पिटल चेन्नई, हाथ ग्लोबल हॉस्पिटल मुंबई को,लीवर चोइथराम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को,एक किडनी बॉम्बे हॉस्पिटल को एवं दूसरी किडनी सीएचएल हॉस्पिटल को भिजवाई गई। चारों अस्पतालों में अंग पाने वाले व्यक्तियों को पहले ही आपरेशन थिएटर में ले जाया गया था। अंगों के पहुंचते ही प्रत्यारोपण की प्रक्रिया डाक्टरों ने शुरू कर दी। विनिता की बेटी व अन्य परिजनों ने भीगी पलकों से अंगों को ग्रीन कारिडोर के भिजवाया और अनूठी श्रद्धांजलि दी।

## प्रति रविवार बच्चों के लिए बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री में आनापानसति ध्यान (मेडिटेशन)

(09 से 18 आयु के बच्चों के लिए)

समय- प्रात:काल - 09 से 11 बजे तक, दिनांक 22 जनवरी 2023, रविवार,
स्थान - बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री , चूनाभट्टी , कोलार रोड भोपाल म.प्र.

प्रति रविवार बच्चों के लिए बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री में आनापानसति ध्यान (मेडिटेशन) बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने , मन को शांत करने और जीवन को सही दिशा देने में आनापानसति ध्यान (मेडिटेशन) मददगार साबित हो रहा है। ध्यान की सहायता से बच्चे खुद को अपने लक्ष्य पर केंद्रित कर रहे हैं। भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो के मार्गदर्शन में प्रति रविवार प्रातः काल 09¬30 बजे प्रारंभ होकर 11¬00 तक डेढ़ घंटा मेडिटेशन एवं उसके फायदे बताए जा रहे हैं। इसके लिए बच्चों को कम उम्र से ही ध्यान लगाना सिखा रहे हैं. इससे बच्चों को शारीरिक ही नहीं, मानसिक फायदे भी मिल हैं।



- आनापानसति ध्यान (मेडिटेशन) शिविर में रजिस्ट्रेशन करने के लिए संपर्क करें।

**भंते राहुलपुत्र** - +91 9009007043,
**भंते सुमेधपुत्र** - +91 8269347316,






# वायाकॉम-18 ने हासिल किया महिला आईपीएल के प्रसारण का अधिकार, 951 करोड़ की बोली लगाई

एजेंसी ❑ मुंबई



रिलायंस की स्वामित्व वाली वायाकॉम-18 प्राइवेट लिमिटेड ने महिला आईपीएल के प्रसारण का अधिकार हासिल कर लिया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने वायाकॉम-18 को महिला आईपीएल के मीडिया राइट्स जीतने के लिए बधाई भी दी। जय शाह ने कहा- वायाकॉम-18 को बीसीसीआई और बीसीसीआई विमेन पर भरोसा जताने के लिए धन्यवाद। वायाकॉम ने 951 करोड़ रुपये का वादा किया है, जिसका मतलब है अगले पांच वर्षों (2023-27) के लिए प्रति मैच मूल्य 7.09 करोड़ रुपये। महिला क्रिकेट के नजरिये से यह बेहद शानदार है। जय शाह ने बताया कि महिला आईपीएल के मीडिया अधिकारों के लिए आज की बोली एक और ऐतिहासिक जनादेश है। यह भारत में महिला क्रिकेट के सशक्तिकरण के लिए एक बड़ा और निर्णायक कदम है, जो सभी उम्र की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेगा। यह सचमुच एक नया सवेरा है। इससे पहले वायाकॉम-18 ने पुरुष आईपीएल के भी डिजिटल राइट्स खरीदे थे। वायाकॉम-18 ने 23, 758 करोड़ रुपये में पुरुष आईपीएल के डिजिटल राइट्स पर कब्जा किया था। पुरुष आईपीएल के लिए मीडिया राइट्स चार पैकेज में बेचे गए थे। जिसमें से तीन पर वायाकॉम-18 ने कब्जा किया था। वायाकॉम ने पैकेज-बी यानी डिजिटल राइट्स के अलावा पैकेज-सी (चुनिंदा 18 मैच) को भी अपने नाम किया। उसने इसके लिए 2991 करोड़ रुपये की बोली लगाई। वहीं, पैकेज-डी को वायाकॉम ने टाइम्स इंटरनेट के साथ मिलकर 1324 करोड़ में खरीदा। पैकेज-डी में वायाकॉम-18 ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन में मैचों का प्रसारण करेगी। वहीं, टाइम्स इंटरनेट मिडिल ईस्ट, नॉर्थ अफ्रीका के साथ अमेरिका और दुनिया के बाकी देशों में मैचों के प्रसारण करेगी। बीसीसीआई ने अब महिला आईपीएल की टीमों को चुनने की कवायद भी तेज कर दी है। 25 जनवरी को महिला आईपीएल की पांच टीमों की घोषणा होनी है। बोर्ड ने इसके लिए 10 शहरों को शॉर्टलिस्ट किया है। वहीं, आईपीएल की 10 में से आठ फ्रेंचाइजी ने टीम खरीदने में रुचि दिखाई है। चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस सहित कई फ्रेंचाइजी बोली लगाने को तैयार हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के अलावा कोलकाता नाइटराइडर्स, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस ने महिला टीम खरीदने का मन बनाया है। वहीं, रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर और लखनऊ सुपर जाएंट्स ने इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा है। महिला आईपीएल के शुरुआती सीजन में पांच टीमें खेलेंगी। पहला सीजन मार्च में आयोजित होगा। बीसीसीआई ने दिल्ली, लखनऊ और धर्मशाला समेत 10 शहरों को शॉर्टलिस्ट किया है।

शॉर्ट लिस्ट हुए शहरों में दिल्ली (अरुण जेटली स्टेडियम), लखनऊ (अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम), कोलकाता (ईडन गार्डन स्टेडियम), बेंगलुरु (एम चिन्नास्वामी स्टेडियम), अहमदाबाद (नरेंद्र मोदी स्टेडियम), चेन्नई (एमए चिदंबरम स्टेडियम), धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम), गुवाहाटी (बारसपारा स्टेडियम), इंदौर (होलकर स्टेडियम), और मुंबई (वानखेड़े, ब्रेबोर्न, डीवाई पाटिल स्टेडियम) हैं। धर्मशाला, इंदौर और गुवाहाटी में आईपीएल के मैच हो चुके हैं, लेकिन ये तीनों मैदान किसी टीम का होमग्राउंड नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिला आईपीएल का आयोजन पांच से 26 मार्च तक हो सकता है। महिला आईपीएल के समाप्त होने के बाद पुरुषों का टूर्नामेंट शुरू होगा।

## शुभमन ने सिद्धू-कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, शुरुआती 20 वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय



एजेंसी ❑ नई दिल्ली

भारत ने श्रीलंका को तिरुवनंतपुरम में खेले गए तीसरे वनडे में 317 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज भी 3-0 से अपने नाम की। तीसरे वनडे में शुभमन गिल और विराट कोहली ने बेहतरीन शतक जड़ा। गिल ने 97 गेंदों में 116 रन की पारी खेली। यह उनके वनडे करियर का दूसरा और अंतरराष्ट्रीय करियर का तीसरा शतक रहा। इस शतक के साथ ही गिल ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। शुभमन गिल ने अब तक भारत के लिए 18 वनडे मैच खेले हैं और वह अब तक 894 रन बना चुके हैं। शुभमन भारत के लिए शुरुआती 20 वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वह अब तक 20 वनडे नहीं खेले हैं, लेकिन 20 वनडे खेल चुके बाकी भारतीय बल्लेबाजों के रन के रिकॉर्ड को अपने 18वें वनडे में ही तोड़ दिया। इस मामले में उन्होंने श्रेयस अय्यर, शिखर धवन, नवजोत सिंह सिद्धू और विराट कोहली जैसे स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया। शुभमन ने 18 मैचों में 18 पारियां खेली हैं, जबकि धवन को छोड़कर बाकी सभी ने 20 मैचों में जाकर 18वीं पारी खेली थी। यानी किसी दो पारी में उन्हें बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला था। वहीं, धवन ओपनर होने के कारण 20 मैचों में बल्लेबाजी की। शुभमन ने वनडे में 18 पारियों में 59.6 की औसत और 103.7 के शानदार स्ट्राइक रेट से 894 रन बनाए हैं। इसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल है। पहले यह रिकॉर्ड श्रेयस के नाम था। उन्होंने अपनी शुरुआती 20 वनडे की 18 पारियों में 46.35 की औसत और 101 के स्ट्राइक रेट से 788 रन बनाए थे। धवन इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने शुरुआती 20 वनडे की 20 पारियों में 41.21 की औसत और 87.6 के स्ट्राइक रेट से 783 रन बनाए थे। नवजोत सिद्धू ने शुरुआती 18 पारियों में 44.71 की औसत और 73 के स्ट्राइक रेट से 760 रन बनाए थे। कोहली ने शुरुआती 20 मैचों की 18 पारियों में 54.21 की औसत और 83.5 के स्ट्राइक रेट से 759 रन बनाए थे। शुभमन ने इन सभी को पीछे छोड़ दिया है, जबकि उनके 20 मैचों में भी अभी दो मैच बाकी हैं। शुभमन ने अपनी पारी में 14 चौके और दो छक्के लगाए। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शुभमन ने 69 की औसत से 207 रन बनाए। पहले वनडे में शुभमन ने 70 रन की पारी खेली थी। तीसरे वनडे की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 50 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 390 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 116 रन और विराट कोहली ने 166 रन की नाबाद पारी खेली थी। जवाब में श्रीलंका की टीम ने 22 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 73 रन बनाए। अशेन बंडारा चोटिल होने की वजह से मैदान पर नहीं आ सके। इस तरह टीम इंडिया ने 317 रन से जीत दर्ज की। यह रनों के अंतर से वनडे इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले यह रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था। उन्होंने 2008 में आयरलैंड को 290 रन से हराया था। वहीं, भारतीय टीम का पिछला रिकॉर्ड 257 रन से जीत का था, जो उन्होंने 2007 में बरमूडा के खिलाफ हासिल की थी।

## गावी की बदौलत बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 3-1 से हराया

एजेंसी ❑ नई दिल्ली

बार्सिलोना ने रविवार को सऊदी अरब में रियल मैड्रिड को 3-1 से हराकर स्पेनिश सुपर कप जीता। कोच जावी हर्नांडीज के इस टीम का पदभार संभालने के बाद यह उनकी पहली ट्रॉफी है। युवा मिडफील्डर गावी ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने खुद स्कोर करने के साथ दो असिस्ट भी किए। रॉबर्ट लेवांडॉस्की और पेड्री गोंजालेज को गोल करने में मदद भी की। काफी समय बाद बार्सिलोना ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है।

बार्सा में एक खिलाड़ी के रूप में सफलता का आनंद लेने के बाद, जावी नवंबर 2021 में टीम के कोच के तौर पर लौटे। एक साल की कड़ी मेहनत के बाद अब प्रतीत हो रहा है कि उनकी टीम सही दिशा में चल रही है। मैच का पहला गोल गावी ने 33वें मिनट में दागा। इसके बाद उनके असिस्ट पर लेवांडॉस्की ने 45वें मिनट में बार्सिलोना के लिए दूसरा गोल किया। गावी के एक बार फिर शानदार पास दिया, जिस पर पेड्री ने 69वें मिनट में गोल दाग अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। इससे रियल मैड्रिड की टीम उबर नहीं सकी। करीम बेंजेमा ने इंजरी टाइम (90+3वें मिनट) में गोल जरूर दागा, लेकिन वह अपनी टीम की वापसी नहीं करा सके। इस तरह बार्सिलानो ने 3-1 से जीत दर्ज की।



मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोट्टी को 2014 के बाद से किसी भी फाइनल में अपनी पहली हार का सामना करना पड़ा है। वहीं, बार्सिलोना ने 14वीं बार स्पैनिश सुपर कप का खिताब अपने नाम किया। बार्सिलोना के कप्तान सर्जियो बुस्केट्स ने मैच के बाद कहा- हम जानते थे कि हमारे पास मौका है। हम क्लब और ड्रेसिंग रूम में बदलावों के दौर से गुजरे हैं और यह हमें और अधिक खिताबों के लिए लड़ते रहने के लिए मजबूत करेगा। जावी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- गावी एक बच्चा है जो हम सभी को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित करता हैष जब आप उसे इस तरह से खेलते हुए देखते हैं, तो वह अपना सबकुछ न्योछावर कर देता है। वह एक ऐसा चरित्र है जो टीम के लिए कुछ भी करने को तैयार है। उसके पास नेतृत्व करने की क्षमता है।

## ओडिशा में 17 दिनों तक चलेगा हॉकी विश्व कप



एजेंसी ❑ नईदिल्ली

पुरुष हॉकी विश्व कप का 15वां संस्करण 13 जनवरी से ओडिशा में शुरू होने वाला है। टूर्नामेंट के सभी मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। राउरकेला में कुल 20 मैच खेले जाएंगे। वहीं, कलिंगा स्टेडियम शेष 24 मैचों की मेजबानी करेगा। मेजबान भारत को पूल डी में स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स के साथ रखा गया है। हॉकी विश्व कप में कुल 16 देश हिस्सा ले रहे हैं। भाग लेने वाले देशों को चार टीमों के चार समूहों में विभाजित किया गया है। डिफेंडिंग चैंपियन बेल्जियम पूल-बी में जर्मनी, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ है। पूल-ए में ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, फ्रांस और दक्षिण अफ्रीका है। वहीं, पूल-सी में नीदरलैंड के साथ न्यूजीलैंड, मलयेशिया और चिली की टीमें हैं। हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारतीय पुरुष हॉकी टीम का लक्ष्य दूसरी बार विश्व कप ट्रॉफी उठाने का होगा। 1975 में चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया को खिताब का इंतजार है। भारत अपने हॉकी विश्व कप अभियान की शुरुआत स्पेन के खिलाफ 13 जनवरी को होने वाले मैच से करेगा। विश्व कप के पिछले संस्करण में भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड के खिलाफ 2-1 से हारकर क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गई थी। हॉकी विश्व कप का उद्घाटन बुधवार (11 जनवरी) को कटक में हुआ। मुकाबलों की शुरुआत 13 जनवरी (शुक्रवार) को होगी। फाइनल मैच 29 जनवरी को खेला जाएगा। हॉकी विश्व कप के मैच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम और राउरकेला के बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। हॉकी विश्व कप के मैचों का प्रसारण भारत में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा।

## दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब बचाने उतरेंगे नडाल, जोकोविच की नजर 10वें खिताब पर

एजेंसी ❑ मेलबर्न

दो बार के विजेता स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल सोमवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। वह पहली बार लगातार दो ऑस्ट्रेलियन ओपन का एकल में खिताब जीतना चाहेंगे। नडाल पहले दौर में जैक ड्रैपर की चुनौती का सामना करने उतरेंगे और दोनों पहली बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। वहीं, सर्बिया के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की इस टूर्नामेंट में वापसी हो रही है। वह पिछले साल कोराना टीकाकरण के कारण खेल नहीं पाए थे। महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के संन्यास के बाद वह इस टूर्नामेंट में नहीं खेलते दिखेंगे। नडाल अभी सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने वाले खिलाड़ी हैं और उनकी नजरें अपने 23वें ग्रैंडस्लैम खिताब हासिल करने पर लगी रहेंगी। पिछले साल सितंबर यूएस ओपन के बाद शीर्ष वरीय नडाल एक ही मैच जीत पाए हैं। उन्हें यह खिताब बचाने के लिए फॉर्म में आना होगा। 21 वर्षीय ड्रैपर उलटफेर करने में माहिर हैं। उन्होंले हाल ही में स्टेफानोस सिपसिपास और फेलिक्स एगुअर को हराया है। अपने मैच से पहले राफेल नडाल ने कहा मुझे लगता है कि यह पहले दौर का मैच मुश्किल होने वाला है। मैं ऑस्ट्रेलिया में खुद को एक और मौका देने आया हूं।

## थोक महंगाई दिसंबर में घटकर 4.95प्रतिशत हुई खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट का असर



**नई दिल्ली।** भारत की थोक मूल्य मुद्रास्फीति नवंबर के 5.85 प्रतिशत से घटकर दिसंबर 2022 में 4.95 प्रतिशत हो गई, इसका मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं और कच्चे पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में गिरावट है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति नवंबर 2022 में 5.85 प्रतिशत और एक साल पहले दिसंबर 2021 में 14.27 प्रतिशत थी। दिसंबर 2022 के दौरान खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति (-)1.25 प्रतिशत रही, जबकि ईंधन और बिजली के मामले में यह 18.09 प्रतिशत रही। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि महीने के दौरान निर्माण क्षेत्र के उत्पादों में मुद्रास्फीति 3.37 प्रतिशत दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2022 में मुद्रास्फीति की दर में गिरावट मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, खाद्य उत्पादों, वस्त्रों और रसायनिक उत्पादों की की कीमतों में नरमी के कारण दर्ज की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिसंबर 2022 में लोकसभा को आश्वासन दिया था कि केंद्र सरकार मुद्रास्फीति को कम करने के लिए उपाय करेगी। खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर 2022 में घटकर 5.72 प्रतिशत हो गई थी। दस महीने लगातार ऊपर रहने के बाद यह दूसरे महीने केंद्रीय बैंक की सहिष्णुता सीमा 6 प्रतिशत से नीचे रही। इस बीच, ग्रामीण मुद्रास्फीति नवंबर 2022 में 6.09 प्रतिशत से मामूली रूप से कम होकर दिसंबर में 6.05 प्रतिशत हो गई।

## मारुति की गाड़ियां खरीदना हुआ महंगा




**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने आज यानी 16 जनवरी से कारों की कीमतों में बढोतरी की है। सभी मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत में 1.1त्न का इजाफा किया गया है। हालांकि वैरिएंट और मॉडल के हिसाब से है यानी कि सभी गाड़ियों की कीमतों में अलग-अलग बढ़ोतरी की गई है। कंपनी ने अभी इस बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की है कि, किस मॉडल की कीमत में कितना इजाफा किया जाएगा। कंपनी के अनुसार ने इनपुट कोस्ट बढ़ने के कारण गाड़ियो की कीमतों में इजाफा किया गया है।

**अर्टिगा की कीमत में 9 हजार से ज्यादा का इजाफा:** दिल्ली में इसकी ऑल्टो के बेस मॉडल की एक्स शोरूम कीमत में 3,729 रुपए तक की बढोतरी हो सकती है। वहीं अर्टिगा के बेस मॉडल की एक्स शोरूम कीमत में 9,251 रुपए तक की बढोतरी की है। मारुति सुजुकी ने दिसंबर 2022 के अपने ऑटो सेल्स के आंकड़े जारी किए थे। कंपनी ने दिसंबर महीने में टोटल 1,16,662 यूनिट्स की सेल्स की है। इससे पहले नवंबर में कंपनी ने टोटल 1,59,044 यूनिट्स की सेल्स की थी।

## नोमुरा का मानना है कि भारत के मौद्रिक नीति निर्धारक फरवरी महीने में ही ब्याज दरों को 25 बेसिस प्वाइंट तक घटा सकते हैं

# प्रोत्साहन राशि पर नहीं चुकानी होगी जीएसटी भीम यूपीआई व रूपे कार्ड से लेनदेन




**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

रूपे डेबिट कार्ड और भीम यूपीआई का उपयोग करने वाले ग्राहकों के लिए राहत भरी बात है। वित्त मंत्रालय ने कहा, इन दोनों के लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए बैंकों को मिलने वाली प्रोत्साहन रकम पर जीएसटी नहीं लगेगा। पिछले हफ्ते ही 2,600 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई थी।जीएसटी आयुक्त को जारी सर्कुलर में मंत्रालय ने कहा कि प्रोत्साहन सेवा के मूल्य से जुड़ी सब्सिडी से संबंधित है। यह 2017 के प्रावधानों के तहत लेनदेन के टैक्स मूल्य का हिस्सा नहीं है। रूपे कार्ड से लेनदेन के मूल्य के फीसदी के रूप में और दो हजार से कम मूल्य के भीम यूपीआई लेनदेन पर प्रोत्साहन मिलेगा। कुछ खास सेवाओं जैसे डाक विभाग या परिवहन जीएसटी के तहत आती हैं। लेकिन केंद्र या राज्यों या स्थानीय प्राधिकरण द्वारा कारोबारी संस्थान के अलावा यदि किसी और को कोई सेवा दी जाती है तो वह जीएसटी के दायरे से बाहर है। दिसंबर में यूपीआई से रिकॉर्ड 782.9 करोड़ डिजिटल भुगतान हुए थे। इनका मूल्य 12.82 लाख करोड़ रुपये था। शेयर बाजारों से मिल रहे आकर्षक मुनाफे और वित्तीय बचत बढ़ने के कारण डीमैट खातों की संख्या दिसंबर, 2022 में बढ़कर 10.8 करोड़ हो गई। दिसंबर, 2021 में 8.1 करोड़ की तुलना में यह 34 फीसदी अधिक है। डिपॉजिटरी आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर में 18 लाख, नवंबर में 20 लाख और दिसंबर, 2022 में 21 लाख नए खाते खुले हैं।

आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में मासिक औसतन 29 लाख खाते खुले थे। इसकी तुलना में पिछले साल कम खाते खुले। यूक्रेन-रूस युद्ध व ब्याज दरों के लगातार बढ़ने के कारण बाजारों में उतार-चढ़ाव से खातों के खुलने की संख्या में गिरावट आई। सरकार एक संसदीय समिति के विभिन्न सुझावों पर विचार के बाद संसद के आगामी बजट सत्र में प्रतिस्पर्धा कानून में संशोधन का प्रस्ताव रख सकती है। दिवालिया एवं ऋणशोधन अक्षमता कानून (आईबीसी) के साथ कंपनी अधिनियम-2013 में भी संशोधनों के लिए विचार चल रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय नया डिजिटल प्रतिस्पर्धा कानून बनाने के लिए संसदीय समिति के सुझावों की समीक्षा कर रहा है। मंत्रालय प्रतिस्पर्धा अधिनियम, आईबीसी और कंपनी अधिनियम का क्रियान्वयन कर रहा है। इन कानूनों में इस साल संशोधनों की उम्मीद है। बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा।

## मोहल्ला टेक प्राइवेट लिमिटेड ने 20 प्रतिशत कर्मियों को निकाल बोली- 'ये दर्द भरा फैसला'




**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शेयरचैट ने अपने 20 प्रतिशत कर्मचारियों को बाहर निकालने का फैसला किया है। कंपनी ने अपने इस निर्णय के लिए वैश्विक आर्थिक कारणों को जिम्मेदार बताया है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि वह यह कड़ा फैसला अपने खर्चों को नियंत्रण में रखने के लिए ले रहा है। बेंगलुरु स्थिति मोहल्ला टेक प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली शेयरचैट ने कहा है कि यह निर्णय काफी दर्दभरा है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने दूसरे प्लेटफॉर्म मोज में भी 20त्न कर्मियों को नौकरी से बाहर निकालेगी। कंपनी ने कहा है कि उसने पिछले छह महीनों के दौरान आय बढ़ाने की कई कोशिशें की हैं, अपने खर्चों को कम किया है। कंपनी ने कहा है कि कंपनी को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से छंटनी का फैसला लिया गया है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि अगले साल बाजार में मंदी के आसार हैं, जिस कारण सतर्क रहने की जरूरत है। कंपनी आने दो वर्षों के लिए खुद को तैयार कर रही है। बता दें कि पिछले साल दिसंबर महीने में भी शेयरचैट में 5त्न कर्मियों की छंटनी की खबर आई थी।

### शेयर बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 168 अंक फिसलकर 60,093 पर बंद, निफ्टी भी 62 गिरा




**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी आज सोमवार (16 जनवरी) को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 168 अंकों की गिरावट के साथ 60,093 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 62 अंक फिसलकर 17,895 पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में गिरावट रही। वहीं 15 शेयरों में ही तेजी देखने को मिली।

### फिर ऑल टाइम हाई पर सोना

इन दिनों सोने की चमक लगातार ब? रही है, और इसी का नतीजा है की सोना हर दिन नया हाई बना रहा है। आज सोमवार को सोने ने फिर नया ऑल टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 16 जनवरी को सर्राफा बाजार में सोना 56 हजार 883 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले 13 जनवरी को सोने ने पिछला हाई बनाया था, जो 56 हजार 462 रुपए था।

# मिडिल क्लास से हूं, उनकी परेशानी जानती हूं :सीतारमण

**एजेंसी ❑ नई दिल्ली**




केंद्रीय बजट से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वह मध्यम वर्ग के दबाव से वाकिफ हैं। उन्होंने यह भी याद किया कि मौजूदा सरकार ने उन पर कोई नया कर (टैक्स) नहीं लगाया है। सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में 2023-24 के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। उम्मीद है कि सरकार आयकर सीमा बढ़ाएगी और मध्यम वर्ग के करदाताओं के अलावा अन्य लोगों को राहत देगी। आरएसएस के मुखपत्र पाञ्चजन्य द्वारा आयोजित एक समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, मैं भी मध्यम वर्ग से ताल्लुक रखती हूं, इसलिए मैं मध्यम वर्ग की परेशानियों को समझ सकती हूं। मंत्री ने यहां मौजूद श्रोताओं को याद दिलाया कि मौजूदा केंद्र सरकार ने मध्यम वर्ग पर कोई नया कर नहीं लगाया है। उन्होंने हा कि पांच लाख तक की आय आयकर मुक्त है। उन्होंने कहा, सरकार ने ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए 27 शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क विकसित करने और 100 स्मार्ट सिटी बनाने जैसे कई उपाय किए हैं। वित्त मंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार मध्यम वर्ग के लिए और अधिक कर सकती है, क्योंकि इसकी आबादी बढ़ रही है और अब यह काफी बड़ी हो गई है।

उन्होंने कहा, मैं उनकी (मध्यम वर्ग) समस्याओं को भलीभांति समझती हूं। सरकार ने उनके लिए बहुत कुछ किया है और वह आगे ऐसा करना जारी रखेगी। सीतारमण ने कहा कि सरकार 2020 से प्रत्येक बजट में पूंजीगत व्यय पर परिव्यय बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए इसे 35 फीसदी से बढ़ाकर 7.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। संपादक :- नागेश नरवरिया ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा। )